सुविचार

मनुष्य को हमेशा मौका नही ढूंढना चाहिये, क्योंकि जो आज है वही सबसे अच्छा मौका है।

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 8, अंक-16 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 26 मई 2023 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## Legal advice- वे कोन-कोन से अपराध है जिनकी सूचना जनता डारेक्ट पुलिस या मजिस्ट्रेट को देने का कानूनी अधिकार रखती है जानिए।

दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 37 में बताया गया है कि आम जनता किन मामलों में पुलिस और मजिस्ट्रेट की सहायता कर सकती है। इसके बाद भी कुछ ऐसे मामले या अपराध होते हैं जिनकी सूचना जनता स्वयं पुलिस का मजिस्ट्रेट को देने का कानूनी अधिकार रखती है जानिए।



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

**दण्ड प्रक्रिया संहिता,1973 की धारा 39 की परिभाषा?**

प्रत्येक व्यक्ति को भारतीय दंड संहिता के निम्न अपराधों की सूचना पुलिस या मजिस्ट्रेट को देना एक कानूनी अधिकार होता है जानिए वो कौन कौन से अपराध है-

1. राज्य के विरुद्ध किये गए अपराध(अर्थात आईपीसी के अध्याय 06 एवं अध्याय 08 में वर्णित अपराध) की सूचना देना।

2. लोकसेवक पर अवैध परितोषण करना(अर्थात आईपीसी की धारा 161 से धारा 165 क के अपराध)।

3. कोई व्यक्ति खाद्य पदार्थ या औषिधियो में मिलावट करता है उसकी सूचना देना(अर्थात आईपीसी की धारा 272 से धारा 278 तक)।

4. किसी हत्या,चोरी ,लूट, डकैती, संपत्ति की रिष्टि, गृह अतिचार, अपहरण(फिरौती) आदि जघन्य अपराध की सूचना देना।

5. करेंसी नोटों या बैंक नोटों का कुटकरण करना, नकली बनाना आदि अपराध की सूचना देना(अर्थात आईपीसी की धारा 489 क से धारा 489 ङ तक के अपराध)

उपरोक्त अपराधों की सूचना पुलिस या मजिस्ट्रेट को देना आम व्यक्तियों का कानूनी अधिकार है।

## किसी भी बालिग लड़की की शादी परिवार वाले जबर्दस्ती नहीं कर सकते हैं-दिल्ली हाईकोर्ट

भारतीय संविधान अधिनियम,1950 का अनुच्छेद 21 व्यक्ति को प्राण और दैहिक स्वतंत्रता का अधिकार देती है अर्थात व्यक्ति को गरिमा एवं मान सम्मान के साथ जीने का अधिकार प्राप्त है। लता सिंह बनाम उत्तर प्रदेश राज्य मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अभिनिर्धारित किया कि वयस्क बालक और बालिका अपनी स्वेच्छा से अंतरजातीय विवाह या अपनी पसंद से विवाह कर सकते हैं एवं यह उनका अनुच्छेद 21 के अंतर्गत वैयक्तिक स्वतंत्रता का अधिकार है।



- कानूनी जानकारी लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान मोबाईल 7999293638

किसी महिला को शादी करने के लिए परिवार वाले मजबूर नहीं कर सकते हैं?

दिल्ली हाईकोर्ट की खंडपीठ न्यायमूर्ति विपिन सांघी और न्यायमूर्ति रजनीश भटनागर ने एक वयस्क महिला को राहत दी है। एक महिला ने अपनी पसंद के पुरूष से शादी करने के लिए अपना घर दिया था। परिवार वाले उसकी शादी कही अन्य पुरुष के साथ करवा रहे थे। इस मामले में न्यायालय ने उल्लेख किया कि लड़की बालिग होने के नाते वह चाह जहाँ ओर जिसके साथ रहना है रह सकती है परिवार वाले उसे न रहने के लिए मजबूर नहीं कर सकते हैं।

# कोल समाज के मान-सम्मान और प्रतिष्ठा की प्रतीक कोलगढ़ी का होगा जीर्णोद्धार - मुख्यमंत्री

### भगवान श्रीराम के लिए घर बनाने वाले कोल समाज के हर सदस्य को दिया जाएगा आवासीय पट्टा

इन्दौर। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कोल समाज के मान-सम्मान और प्रतिष्ठा की प्रतीक त्यौंथर की कोलगढ़ी का जीर्णोद्धार किया जाएगा। इसके लिए तीन करोड़ 12 लाख रूपए स्वीकृत किए गए हैं। भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस 9 जून से जीर्णोद्धार का कार्य शुरू हो जाएगा। प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर कोल भवन बनाए जाएंगे, इसकी शुरुआत रीवा से होगी। कोल समाज की प्रगति और उत्थान के लिए सरकार और समाज मिल कर काम करेंगे। शिक्षा, रोजगार, स्व-रोजगार और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष गतिविधियाँ चलाई जाएंगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान गत दिवस निवास परिसर में कोल जनजाति सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दीप जला कर और भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री निवास पधारे कोल जनजाति के भाई-बहनों का मुख्यमंत्री ने पुष्प-वर्षा कर समाज के वरिष्ठ सदस्यों तथा जनजातीय कलाकारों का पुष्प-गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान को समाज की ओर से श्री मगेश गोटिया ने स्वनिर्मित मुख्यमंत्री का चित्र भेंट किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान को साफा पहना कर और तीर-कमान भेंट कर कोल समाज की ओर से अभिवादन किया गया।



### कोल समाज राम-भक्त और देश-भक्त समाज

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोल समाज की महिमा अद्भुत है। यह वह समाज है जिसने भगवान को भी घर दिया। भगवान श्रीराम के वनवास के समय कोल समाज ने ही उन्हें फल-फूल और आश्रय देने का काम किया। साथ ही समाज बंधुओं ने ही भगवान श्रीराम के लिए पर्ण कुटी का निर्माण किया। कोल समाज राम-भक्त और देश-भक्त समाज है। अंग्रेजों को खदेड़ने में भी कोल समाज आगे रहा है। वर्ष 1831 में बुधु भगत और मदारा महतो के नेतृत्व में हुआ कोल विद्रोह कई जनजातियों के लिए अंग्रेजों के अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष का प्रेरणा स्रोत बना।

### जिन व्यक्तियों के पास रहने के लिए जमीन नहीं है, उनका सर्वे कराया जाएगा

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री भू-आवासीय अधिकार योजना में पट्टा देकर जमीन का मालिक बनाया जा रहा है। कोल समाज के जिन व्यक्तियों के पास रहने के लिए जमीन नहीं है, उनका सर्वे कराने के निर्देश भी दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को प्लॉट दिया जाएगा, पट्टे के साथ ही घर बनाने के लिए भी आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। शासकीय भूमि उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में जमीन खरीद कर प्लॉट उपलब्ध कराए जाएंगे।

### जिन्दगी बदलने के लिए ठोस प्रयास करने होंगे: समाज भी हो सजग

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई, सभी के स्वास्थ्य, युवाओं के रोजगार और स्व-रोजगार पर ध्यान देना जरूरी है। उन्होंने समाजजन को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें अपनी जिन्दगी बदलने के लिए ठोस प्रयास करने होंगे, हम गरीब रहने के लिए पैदा नहीं हुए हैं। बच्चों की शिक्षा, रोजगार और स्व-रोजगार के लिए लक्षित प्रयासों से ही आने वाली पीढ़ी समय के साथ चल सकेगी। इसके लिए समाज को सजग होना होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कोल विकास प्राधिकरण को मेधावी बच्चों की पढ़ाई, सरकारी नौकरी तथा मेडिकल, इंजीनियरिंग कॉलेजों में भर्ती के लिए कोचिंग की व्यवस्था की दिशा में पहल करने का सुझाव दिया।

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बरगद, अमरूद और करंज के पौधे लगाए

भोपाल। मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ कु. राध्या वाघेला ने अपने जन्म-दिवस पर साथ पौध-रोपण किया। उनके परिवार के सदस्य श्री पूनमचंद वाघेला, शरद वाघेला, श्रीमती अर्चना वाघेला और दैविक वाघेला उपस्थित थे। सभी लोगों ने पौध-रोपण के साथ श्रमदान भी किया।



# पीड़ित मानवता की सेवा की अनूठी मिसाल

### अधिकारियों ने दिव्यांगों के घर पहुंचकर बनाये उनके दिव्यांगता प्रमाण पत्र

**इन्दौर।** मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के अंतर्गत इंदौर में पीड़ित मानवता की सेवा की अनूठी मिसाल प्रस्तुत की जा रही है। कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी की पहल पर दिव्यांगजनों के लिए दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने की विशेष व्यवस्था की गई है। इसके तहत ऐसे दिव्यांग जो अपने दिव्यांगता का प्रमाण पत्र बनवाने के लिए चिकित्सा संस्थानों में नहीं पहुंच पा रहे हैं उनके घर-घर जाकर दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने का कार्य किया जा रहा है। इस अनूठी पहल के तहत आज स्वास्थ्य विभाग, डीडीआरसी और मेडिकल बोर्ड के अधिकारी दिव्यांगों के घर पहुंचे। उनका परीक्षण किया और दिव्यांगता का प्रमाण पत्र बना कर दिया। आज 6 दिव्यांगों के घर पहुंचकर दिव्यांगों के प्रमाण पत्र बनाए गए। जिन दिव्यांगों के प्रमाण पत्र बनाये गये उनमें श्री तुलसीदास एवं लवेश आहूजा साईबाबा कालोनी द्वारकापुरी, श्रीमती सीताबाई खेडे कुंदन नगर, श्री हर्षनंदन बलौदा रेडकुंड पार्क पिगडंबर, श्रीमती आशा कानूनगो ट्रेजर टाउन बिजलपुर, श्री सुनील कुमार विजयवर्गीय एचआईजी इन्दौर शामिल हैं। इस प्रकार विशेष अभियान के तहत अब तक 10 ऐसे दिव्यांग वृद्ध जो कैम्प में या मेडिकल बोर्ड नही जा सकते थे, उन्हें उनके घर जाकर दिव्यांगता के प्रमाण पत्र बनाकर दिये गये।

## खेल और युवा कल्याण विभाग की खेलवृत्ति हेतु आवेदन 31 मई तक

**भोपाल।** खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा वर्ष-2023 के राज्य स्तरीय खेलवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किये हैं। खेलवृत्ति के लिये अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता प्रतिभावान खिलाड़ियों को 31 मई तक अपने आवेदन जमा करना होंगे। अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को 10 हजार, रजत पदक विजेता को 8 हजार तथा कॉस्य पदक विजेता को 6 हजार रूपये की खेलवृत्ति का प्रावधान है। खेलवृत्ति के लिये आवेदन संबंधित जिले के जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी से प्राप्त किये जा सकते हैं। खेलवृत्ति के लिये निर्धारित दिशा-निर्देश एवं नियमावली विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। मध्यप्रदेश राज्य खेल अकादमी, प्रशिक्षण केन्द्र, फीडर सेंटर, भारतीय खेल प्राधिकरण एवं खेल छात्रावास में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को खेलवृत्ति की पात्रता नहीं होगी। अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं प्रोत्साहन नियम-2019 में मान्यता प्राप्त खेल संघ द्वारा आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में पदक अर्जित करने वाले जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों को खेलवृत्ति प्रदान किये जाने का प्रावधान है।





# जबलपुर से अमरकंटक मार्ग पर जोगी टिकरिया पुल के पास दो घंटे तक लगा रहा जाम

**डिंडौरी।** पानी की समस्या गर्मी बढ़ने के साथ गहराती जा रही है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय से लगे ग्राम बड़ा सुबखार में जलसंकट गहरा गया है। परेशान ग्रामीणों ने मंगलवार की सुबह जबलपुर से अमरकंटक मार्ग पर जिला मुख्यालय से दो किलोमीटर दूर जोगी टिकरिया पुल के पास जाम लगा दिया। सुबह साढ़े सात बजे से लगा जाम लगभग दो घंटे बाद साढ़े नौ बजे अधिकारियों की समझाइश पर समाप्त हुआ। सुबह खाली बर्तन लेकर महिलाएं सड़क पर पहुंच गई और बर्तन सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। महिलाओं ने बताया कि पिछले दो महीने से पानी की समस्या गांव में बनी हुई है, लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। गांव में जितने बोर थे सब सुख गए हैं। वर्तमान में उन्हें नर्मदा नदी से पानी ढोना पड़ रहा है। शिकायत के बाद भी समस्या का

## पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने लगाया जाम

समाधान न होने से महिलाएं आक्रोशित नजर आई। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा नारेबाजी भी की गई। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम बड़ा सुबखार में तीन चार बोर कराए गए थे, जो गर्मी बढ़ने के साथ सूख गए हैं। बताया गया कि एक बोर में पीएचई विभाग द्वारा मोटर डाली गई थी जिससे ग्रामीणों को पानी मिल रहा था। वर्तमान में इस बोर से भी पानी निकलना बंद हो गया है। जाम की सूचना विधायक ओमकार मरकाम, कलेक्टर विकास मिश्रा सहित पीएचई विभाग, कोतवाली का अमला और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए। कलेक्टर द्वारा गांव का निरीक्षण भी किया गया। बताया गया कि गांव में नल जल योजना के लिए कार्ययोजना बनाकर भेजी गई है। स्वीकृति मिलते ही कार्य शुरू करा दिया जाएगा। जाम के दौरान इस मार्ग पर यातायात बंद रहा।

## बैरसिया विधानसभा के सक्रिय युवा नेता अनुसूचित जाति विभाग कांग्रेस के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राजकुमार अहिरवार बने



राहुल गांधी विचार मंच के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष युथ मध्यप्रदेश नई दिल्ली से हुआ लेटर जारी। राजकुमार अहिरवार ग्रामीण क्षेत्र में कांग्रेस के सक्रिय युवा नेता जाने जाते हैं उनके सामाजिक कार्य एवं कांग्रेस के प्रति कार्य को देखते हुए राहुल गांधी विचार मंच के राष्ट्रीय प्रभारी जी ने लेटर जारी कर उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# माध्यमिक शिक्षा मंडल का परीक्षा परिणाम घोषित

## सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डिंडोरी का परचम












माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें डिंडोरी जिला में सरस्वती शिशु मंदिर डिंडोरी ने अपना परचम लहराया प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जिले की मेरिट सूची में प्रथम स्थान भानुप्रताप सारथी आत्मज श्री रविन्द्र कुमार सारथी ने 10 वी की बोर्ड परीक्षा में 484 अंक प्राप्त कर जिले में अपना प्रथम स्थान सुनिश्चित किया एवं जिले की मेरिट सूची में विद्यालय की बहिन सरस्वती मार्को आत्मजा श्री भावनाथ सिंह मार्को ने 482 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया साथ ही सरस्वती शिशु मंदिर गाडासरई के छात्र अनंत दुबे आत्मज श्री अविनाश दुबे ने भी 482 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया इस सफलता पर तिलक बाल कल्याण समिति के पदाधिकारी एवम सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्र एवं अभिभावकों शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की। विद्यालय के प्राचार्य श्री हरि नारायण सिंह ने छात्र एवं अभिभावक को विद्यालय में बुलाकर मिठाई खिलाया एवं बधाई व शुभकामनाएं दी । आचार्य परिवार ने भी इस सफलता पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी साथ ही ग्राम भारती जिला समन्वयक श्री दिलीप कुमार नंदा जी ने भी छात्र को बधाई दी ।

# एमपी बोर्ड में 90% से ज्यादा अंक लाकर अहिरवार समाज के बेटों ने किया माता पिता, गुरुजनों और समाज का नाम किया रोशन

हल्के वीर

देवरी। वह जो शोर मचाते है भीड़ में भीड़ बनकर रह जाते है, वही पाते है जिंदगी में कामयाबी जो खामोशी से अपना काम कर जाते है।। मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा 10वीं और 12वीं का परिणाम घोषित हुआ है, जिसमें सरकारी स्कूल के ज्यादातर विद्यार्थियों ने 90त्न से ऊपर अंक लाकर अपना परचम लहराया। जिसमे दयाशंकर हरिजन पिता बलवान हरिजन निवासी बोरास तहसील उदयपुरा ने कक्षा दसवीं में शासकीय हाई स्कूल बोरास से 92.2 अंक लाकर अपने स्कूल में टॉप किया। शुभम अहिरवार पिता स्व. श्री रामसिंह अहिरवार ने शासकीय नवीन उच्चतर माध्यमिक शाला आनंद नगर भोपाल से 91.8 त्न अपने स्कूल में अच्छा प्रदर्शन किया ।लखन केतोधानिया जी ( छातेर) छोटे भाई राजेश ने 10 वीं कक्षा में 91.5त्न अंक प्राप्त कर शासकीय हाई स्कूल छातेर मे प्रथम स्थान प्राप्त कर परिवार व समाज का गौरव बढ़ाया। विद्यार्थियों की इस कड़ी सफलता के अच्छे परिणाम के लिए माता-पिता तथा गुरुजनों को उन्होंने अपना श्रेय दिया, इन तीनों विद्यार्थियों ने मध्य प्रदेश बोर्ड की परीक्षा में अच्छे अंक लाने पर समाज के वरिष्ठ जनों



राजेश अहिरवार कक्षा दसवीं 91.5%



दयाशंकर हरिजन कक्षा दसवीं 92.2%



शुभम अहिरवार कक्षा दसवीं 91.8%

ने अपना आशीर्वाद स्वरुप शुभकामनाएं प्रेषित की। शुभकामनाएं प्रेषित करने वालों में आदरणीय हेमंत नरवरिया जी, रमन बामने जी, अतर सिंह भारतीय जी दिनेश बघेल जी गोटीराम बघेल जी, हल्के वीर जी सभी समाजसेवियों ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की और इसी प्रकार समाज का माता-पिता गुरुजनों व देश का नाम रोशन कर अपना भविष्य कायम कर आशीर्वाद प्रेषित किया।

# मध्य प्रदेश भोपाल का लोकप्रिय समाचार पत्र दैनिक पत्रिका का 16वां स्थापना दिवस समारोह





मध्य प्रदेश भोपाल का लोकप्रिय समाचार पत्र दैनिक पत्रिका का 16वां स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में आज गुरुवार 25 मई को पत्रिका कार्यालय चिनार फार्च्यून सिटी, होशंगाबाद रोड,भोपाल में सर्वधर्म सभा का आयोजन किया गया है जिसमें बौद्ध, ईसाई धर्मगुरु और जैन, सिख,मुस्लिम, गायत्री पीट के वरिष्ठ समाजसेवी एवं पत्रिका के संपादक एवं पत्रकार तथा अन्य समाज के प्रतिष्ठित लोगों के साथ केक काटकर स्थापना दिवस मनाया गया है।

# छत्तीसगढ़ के समस्त पटवारियो का अनिश्चितकालीन हड़ताल

**लक्ष्मण पिल्लेई की खबर**



15 मई से राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ अपने विभिन्न मांगों को लेकर 08 मई माननीय कलेक्टर महो दय बस्तर को जिलाध्यक्ष के नेतृत्व मे अनिश्चितकालीन हड़ताल 15 मई से होने वाले के संबंध मे ज्ञापन सौपा गया था।जिलाध्यक्ष आनन्द कश्यप ने बताया की आज साढ़े चार वर्षो मे वर्तमान सरकार द्वारा एक भी मांग के ऊपर सार्थक पहल करते हुए कार्यवाही नहीं किया गया है जिसके परिणाम स्वरूप प्रदेश के समस्त पटवारी साथी सहित बस्तर जिला के समस्त पटवारी साथियों मे अपनी पुरानी मांगे जो हैं जिसके लिए पटवारियो द्वारा लगातार शासन प्रशासन से ज्ञापन के माध्यम से निवेदन किया जा रहा था । आपको बता दें कि दिसम्बर 2020 में भी पटवारियो द्वारा विभिन्न चरणों मे इन्ही मांगों को लेकर आंदोलन किया गया था जिसमे लगभग 14 दिनों का अनिश्चितकालीन हड़ताल भी शामिल है, राजस्व मंत्री महोदय के आश्वासन पर उस हड़ताल को स्थगित किया गया था किंतु 2 वर्ष बाद भी मांगो पर उचित कार्यवाही नही किया गया। विगत 24 अप्रैल को रायपुर के तुता में प्रदेश भर के लगभग 4000 से अधिक पटवारियो ने सांकेतिक आंदोलन के रूप में एक दिवसीय तुता मे धरना प्रदर्शन किया गया है। राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ ने 14 मई तक मांगे के ऊपर सरकार द्वारा किसी भी प्रकार का कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया जिसके परिणामस्वरूप आज 15 मई से राजस्व पटवारी संघ के सदस्य गण अनिश्चित कालीन हड़ताल में चले गए है, जिससे आम जनता का राजस्व संबंधी कार्यो का सम्पादन जिला मे ठप रहा चाहे आय जाति, बिक्री नकल, कृषि ऋण, राजस्व प्रतिवेदन एवं अन्य साशन की महत्वपूर्ण कार्य नहीं हो पाया। राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ की मांगे यह है कि प्रदेश के पटवारियों द्वारा विभागीय कार्यो के अतिरिक्त समय समय पर उच्चाधिकारियों द्वारा दिए मौखिक /लिखित आदेशो का पालन ईमानदारी पूर्वक किया जा रहा है । निर्वाचन ,जनगणना ,बाढ़ आपदा ,सुखा ,राजस्व वसूली ,प्रोटोकाल ड्यूटी ,जनसमस्या निवारण शिविरों में आवश्यक व्यवस्था के साथ साथ प्राप्त विभागीय आवेदनों का समय पर निराकरण ,शासन की जनकल्याणकारी योजनाओ में सहभागिता आदि कार्यो का संपादन विभागीय कार्य जैसे गिरदावरी ,अभिलेख अद्यतन ,नक्शा बटाकन ,सीमांकन,आबादी सर्वे के साथ साथ किया जा रहा है ,न सिर्फ इतना ही बल्कि आवश्यक व्यवस्था हेतु मेला में ,मंदिरों में ,अन्य बड़े आयोजनों में भी पटवारियों का ड्यूटी लगाई जाती है।

कार्य की अधिकता को देखते हुए पटवारियों का ग्रेड पे 2800 किया जाए।राजस्व निरीक्षक की सीधी भर्ती पर रोक लगाया जाये। राजस्व निरीक्षक के कुल पदों के 50त्न पर पटवारियों से वरिष्ठता के आधार पर एवं शेष 50त्न पदों पर विभागीय परीक्षा के माध्यम से नियूक्ति किया जाये। 5 वर्ष पूर्ण कर चुके सभी पटवारियों को राजस्व निरीक्षक का प्रशिक्षण दिलाया जाये। प्रशिक्षित पटवारियों से ही रिक्त पदों के 50त्न पर वरिष्ठता के आधार पर नियुक्ति किया जाये ।उपरोक्तानुसार भर्ती नियम में आवश्यक संशोधन किया जाये ।साथ ही राजस्व निरीक्षक एवं नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा नियमित रूप से आयोजित किया जाये । वर्तमान में भूमि से संबंधित अभिलेख ऑनलाइन किया जा चूका है। अभिलेखों का दुरुस्ती,नामान्तरण/बटवारा में आवश्यक प्रतिवेदन ,नक्शा बटांकन आदि ऑनलाइन ही किया जा रहा है। जिसके लिए कंप्यूटर ,इन्टरनेट ,प्रिंटर ,स्कैनर आदि की आवश्यकता पडती है। किन्तु दुखद है कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना भुइयाँ कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु पटवारियों को आज पर्यन्त आवश्यक संसाधन नही दिया गया है। अतः पटवारियों को ऑनलाइन कार्य हेतु कंप्यूटर/लैपटॉप प्रदान किया जाये ,साथ ही इन्टरनेट हेतु 500 रु मासिक नेट भत्ता दिया जाये। वर्तमान में बहुत से नये हल्कों का गठन किया गया है। जहा पटवारियों को कार्यालय तो दूर मूल भुत सुविधाए जैसे टेबल कुर्शी पंखा अलमीरा भी नही दिया गया है ,किराये के मकान में स्वयं के संसाधन से कार्यालय चलाने में मजबूर है। अतः प्रत्येक पटवारी हल्के में पटवारी कार्यालय एवं आवश्यक फर्नीचर की व्यवस्था किया जाये। पटवारियों को वर्तमान में 250 रु प्रति माह की दर से स्टेशनरी भत्ता दिया जा रहा है जिसका निर्धारण लगभग 10 वर्ष पूर्व किया गया था ,बढ़ते महंगाई के साथ साथ स्टेशनरी के दरो में भी वृद्धि हुआ है अतः स्टेशनरी भत्ता 1000 रु प्रति माह दिया जाये। यह भत्ता प्रतिवर्ष बढ़ाया जाये। पटवारियों के लिए अतिरिक्त हल्के का प्रभार हेतु 250 रु निर्धारित है जबकि कार्य मूल हल्के के सामान ही किया जाता है ,अतः नियमावली में आवश्यक संशोधन करते हुए अतिरिक्त हल्के का मानदेय मूल वेतन का 50त्न प्रतिशत किया जाये। पटवारी भर्ती नियम में 12वी परीक्षा उत्तीर्ण होने के साथ साथ कंप्यूटर आवश्यक किया गया है।

वर्तमान में भुइयां एवं भू नक्शा सॉफ्टवेयर का संचालन जैसे तकनीकी कार्य ,साथ ही बढ़ते टेक्नोलॉजी के साथ आबादी सर्वे आदि कार्यो को देखते हुए पटवारियों की भर्ती नियम में आवश्यक संशोधन करते हुए न्यूनतम योग्यता स्नातक किया जाये। वर्तमान में हल्का मुख्यालय से तहसील या जिला मुख्यालय तक आवागमन की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध हो चुकी है। साथ ही हल्कों का आकार भी कम हो चूका है (एक हल्के में अधिकतम 2 पंचायत )। साथ ही अधिकांश कार्य ऑनलाइन हो चूका है जो इंटरनेट सुविधा युक्त जगह में ही संभव है। अतः पटवारियों के नियमावली में आवश्यक संशोधन करते हुए मुख्यालय निवास की बाध्यता को समाप्त किया जाये । पटवारियों के द्वारा कार्य सम्पादन करते समय यदि लिपिकीय त्रुटी या इसके अतिरिक्त कागजात संधारण करने में कोई भूल हो जाये ऐसी स्थिति में विभागीय जाच उपरांत ही एफ आई आर की कार्यवाही होनी चाहिए 7शासन से स्पष्ट निर्देश जारी हो की जब तक विभागीय जाच पूर्ण न हो जाये तब तक प्रारम्भिक एफ आई आर दर्ज न हो, नक्सली क्षेत्र मे कार्यरत पटवारियों को नक्सल भत्ता देय हो। इस प्रकार 8 सूत्रीय मांगों को लेकर राजस्व पटवारी संघ ने राजस्व सचिव को ज्ञापन सौंपा है।

**सहयोगियों संग सुबह पहुंचे झीरम शहीद स्मारक**

## झीरम में शहीदों को नमन कर संसदीय सचिव रेखचंद, राजमन, राजीव ने दी श्रद्धांजलि



**लक्ष्मण पिल्लेई की खबर**

जगदलपुर। संसदीय सचिव व जगदलपुर विधायक रेखचंद जैन ने गुरुवार सुबह अपने सहयोगियों के संग यहां से करीब 50 किमी दूर दरभा ब्लॉक के झीरम में पहुंचकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। सर्वप्रथम उन्होंने सहयोगियों संग झीरम शहीद स्मारक में लगे शहीदों के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके पश्चात दीप प्रज्वलित किया। ज्ञात हो कि लगभग एक दशक पूर्व 25 मई 2013 को सुकमा के कांग्रेस सम्मेलन से लौट रहे कांग्रेस नेताओं के काफिले पर नक्सलियों ने जबर्दस्त हमला झीरम घाटी में बोला था, जिसमें 30 से अधिक कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं, सुरक्षा कर्मियों व अन्य नागरिक जनों की शहादत हो गई थी। शहीदों में बस्तर टाइगर के नाम से ख्यात पूर्व नेता प्रतिपक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा तथा दंतेवाड़ा विधायक महेंद्र कर्मा, तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नंद कुमार पटेल, पूर्व विधायक उदय मुदलियार, दिनेश पटेल, गोपी माधवानी आदि सम्मिलित थे। वरिष्ठ कांग्रेस नेता विद्याचरण शुक्ल गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिनकी बाद में उपचार के दौरान दिल्ली के मेदान्ता अस्पताल में मृत्यु हो गई थी। इस दौरान चित्रकोट विधायक राजमन बेंजाम, इंद्रावती विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष राजीव शर्मा, सत्तार अली, अनवर खान, जीशान कुरैशी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजकुमार झा, सांसद प्रतिनिधि महादेव नाग, पूर्व जिला पंचायत सदस्य बलिराम कश्यप, लक्ष्मण कश्यप, रुक्मणी कर्मा, तुलाराम कश्यप, एमआइसी सदस्य राजेश राय, पार्षद सूर्या पाणि, दयाराम कश्यप, सुखराम नाग, एल्डरमेन सुरेन्द्र झा, कौशल नागवंशी, अमरनाथ सिंह, हरीश साहू, गौरनाथ नाग, संतोष सिंह, जयदेव नाग, विजय सिंह, कुलदीप भदौरिया, मान सिंह ठाकुर, बेलसर बेसरा, अभय सिंह, राजीव युवा मितान क्लब के पदाधिकारियों समेत जगदलपुर व दरभा ब्लॉक के अनेक कांग्रेसजन मौजूद थे।

# साल वनों के द्वीप को नक्सलवाद से मुक्त कर फिर बनाएंगे शांति का टापू: मुख्यमंत्री श्री बघेल

**लक्ष्मण पिल्लेई की खबर**

जगदलपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज झीरम घाटी शहादत दिवस के अवसर जगदलपुर के लालबाग स्थित झीरम मेमोरियल में झीरम घाटी के शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ सर्वोच्च कुर्बानी देने वाले शहीदों की शहादत को बेकार नहीं जाने देंगे, साल वनों के द्वीप बस्तर क्षेत्र को नक्सलवाद से मुक्त कर फिर से शांति का टापू बनाएंगे। मुख्यमंत्री श्री बघेल सहित जनप्रतिनिधियों ने इस अवसर झीरम के शहीदों की याद में दो मिनट का मौन रखा और उपस्थित सभी लोगों को प्रदेश को पुनः शांति का टापू बनाने की शपथ दिलाई। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री बघेल ने झीरम घाटी के शहीदों के परिजनों से मुलाकात की और शॉल-श्रीफल भेंट किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि झीरम घाटी की घटना को दस बरस हो गए हैं। हर साल हम लोग झीरम के शहीदों को नमन करते है और जब भी 25 मई आता है, हम सब का दिल भर जाता है। जो बच गए उन्होंने घटना को अपनी आंखों से देखा। वे बताते थे कि घटना कितनी भयावह थी। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि इस घटना में शहीद हुए नेताओं ने परिवर्तन की बात कही थी। जिसका शुभारंभ सरगुजा से हुआ था। हमारे नेता कहते थे कि किसानों, आदिवासियों, युवाओं और महिलाओं के जीवन में परिवर्तन लाना है। परिवर्तन का संकल्प लेने वाले हमारे सभी बड़े नेता हमारे बीच नहीं रहे। उन्होंने झीरम में अपनी शहादत दी है। झीरम की घटना को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी राज्यसभा की सदस्य श्रीमती फूलो देवी नेताम निकली और उन्होंने कहा कि यह बंद करो। वो एक बहादुर महिला हैं। जब हमारे नेताओं को चारों ओर से घेर लिया गया था। शहीद महेंद्र कर्मा निकले और नक्सलियों से



कहा कि बेकसूरों को मारना बंद करो, गोलियां चलाना बंद करो। तुम्हारी दुश्मनी मुझसे है। मैं आत्मसमर्पण करता हूँ। मैं बस्तर टाइगर, मैं महेंद्र कर्मा इस प्रकार की बात उन्होंने कही। महेंद्र कर्मा ने माफी नहीं माँगी, अपने प्राणों की आहुति दे दी। किसके लिए, बस्तर के लिए, प्रदेश के लिए, लोकतंत्र के लिए, हम सबके लिए। अपनी जान देकर अपनों को बचाने का उनका संकल्प कितना बड़ा था, यह समझा जा सकता है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि जिस नव निर्माण के पवित्र उद्देश्य के लिए हमारे नेताओं ने परिवर्तन यात्रा की थी, उस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए हमने लगातार परिश्रम किया है। हमने विकास, विश्वास और सुरक्षा की नीति से नक्सलियों को चंद इलाकों तक ही समेट दिया है। उन्होंने कहा कि हमने अपनी योजनाओं और नीतियों से बस्तर का विकास सुनिश्चित किया। हमने शिक्षा, स्वास्थ्य, आदिवासी संस्कृति के संरक्षण सहित अन्य विकास कार्यों को गति दी और बेहतर कार्य कर दिखाया है। झीरम घाटी शहादत दिवस की दसवीं बरसी पर उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा, लोकसभा क्षेत्र बस्तर के सांसद श्री दीपक बैज, बस्तर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री लखेश्वर बघेल, उपाध्यक्ष श्री विक्रम मंडावी, संसदीय सचिव श्री रेखचन्द जैन, विधायक श्री मोहन मरकाम, श्रीमती संगीता सिन्हा, श्री चंदन कश्यप, महापौर जगदलपुर श्रीमती सफीरा साहू, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कविता साहू, इंद्रावती बेसिन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री राजीव शर्मा, कमिश्नर श्री श्याम धावड़े, आईजी श्री सुंदरराज पी. कलेक्टर श्री विजय दयाराम के., वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री जितेंद्र मीणा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि दी। *शहीदों के परिजनों से मुलाकात के दौरान भावुक हुए मुख्यमंत्री* - मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने झीरम घाटी के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के उपरांत शहीदों के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने परिजनों को शॉल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। शहीदों के परिजनों से चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री भावुक हो गए। मुख्यमंत्री ने सभी का कुशल क्षेम जाना। मुख्यमंत्री ने परिजनों से कहा कि आप सभी ने बहुत बड़ा त्याग किया है। छत्तीसगढ़ सरकार हर पल आपके साथ खड़ी है।

# बस पास को लेकर आंदोलन कर रहे छात्रों के प्रतिनिधिमंडल ने आज महापौर जी से मुलाकात की

**सुठालिया पुलिस टीम की अवैध रेत का परिवहन करने वाले के विरुद्ध कार्यवाही**



**देवेंद्र धाकड़**

विदिशा। थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत विदिशा पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला जी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री समीर यादव जी, नगर पुलिस अधीक्षक विकास पाण्डेय द्वारा थाना प्रभारी कोतवाली एवं पुलिस बल के साथ थाना कोतवाली अंतर्गत नगर में मुख्य मार्ग एवं संवेदनशील स्थानों पर पैदल भ्रमण किया गया पैदल भ्रमण के दौरान आम जनों से चर्चा की गई, बाजार व्यवस्था का जायजा किया, अपराधियों में भय व्याप्त करने संदिग्ध स्थानों पर चेकिंग की गई संदिग्ध लोगों की जामा तलाशी कर मुनासिब हिदायत दी गई एवं व्यापारियों को दुकान के बाहर सामान एवं वाहन ना लगाने हेतु हिदायत दी गई पैदल भ्रमण के दौरान ध्वनि प्रदूषण करने वाली मोटरसाइकिल बुलेट यातायात नियम का पालन न करने वालो की चेकिंग कर चालकों को समझाईश दी गई ।



**आवश्यकता**

युवा प्रदेश नेटवर्क

मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

युवा प्रदेश नेटवर्क,
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
मो.- 9425156055-9755364204

## मामा ने फिर ली मासूमों की बली

रोहित तिवारी (शहडोल)

शहडोल। जिला कॉंग्रेस कमेटी शहडोल के जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने अपने एक बयान मे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर आरोप लगाते हुए कहा है कि, जब जब शिवराज सिंह जी का कार्यक्रम



होता है तो प्रशासनिक मशीनरी का दुरुपयोग करते हुए भीड़ जुटाने का आदेश दिया जाता है। जिसके कारण अनफिट बसों को भी भीड़ जुटाने के लिए इस्तेमाल करने से परहेज नहीं किया जाता, जिसका नतीजा उमरिया घँगरी मे हुआ हादसा एक बार फिर इस बात की पुष्टी करता है कि किस तरह शिवराज सिंह जी अपने कार्यक्रम मे भीड़ एकत्रित करने के प्रयास मे मासूम जनता की बली ले रहे हैं। पहले भी इनकी सभा मे आने वाले आमजन कई बार हादसे का शिकार हुए हैं, कई मासूम परिवारों ने अपने पालनहार को खोया है। जिलाध्यक्ष ने कहा शिवराज जी अब तो हद हो रही है आखिर कब तक आप मासूम जिंदगियों की बली लेते रहेंगे। कम से कम वाहनों की फिटनेस जांच करवाने के बाद उसमे मासूम जनता को सवार करने का कष्ट करें। श्री गुप्ता ने कहा क्या शिवराज जी आप इन दुर्घटनाओं की जिम्मेदारी लेते हैं? क्या आपके परिवहन मंत्री जिम्मेदारी लेते हुए अपना स्तीफा देंगे।

## सोनहत भरतपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि अविनाश पाठक ने राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों के साथ किया बैठक



उमेश तिवारी

कोरिया। सविप्रा उपाध्यक्ष व विधायक माननीय गुलाब कमरो जी के निर्देश पे आज विधायक प्रतिनिधि अविनाश पाठक ने राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों के साथ बैठक कर सरकार की योजनाओं की दी जानकारी,साथ ही ग्राम वासियों से की मुलाकात माननीय विधायक जी के द्वारा कराए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यो के बारे में भी सभी को बताया।

## नदीम बने आप पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष



वीरेंद्र कुमार गुप्ता (अनूपपुर)। पाठकों को बताना चाहेंगे कि मनेंद्रगढ़ के युवा नेता एवं आप पार्टी के नवनियुक्त अल्पसंख्यक मोर्चा आम आदमी पार्टी एमसीबी का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिससे संगठन को एक नई ऊर्जा युवाओं की मिलेगी ऐसा कयास भी लगाया जा रहा है नदीम हुसैन की अल्पसंख्यक मोर्चा आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर नगर वासियों एवं जिले के युवा साथियों में दौड़ी पड़ी खुशी की लहर लगा बधाइयों का तांता तत्पश्चात उक्त संबंध में नदीम हुसैन ने मीडिया माध्यम कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसका मैं संगठन के प्रति आभार व्यक्त करता हूं

## योग से होंगे दूर रोग, दवाईयों की नहीं होगी जरूरत- अध्यक्ष, मध्यप्रदेश योग आयोग

कैलाश कुमार-सह संपादक (युवाप्रदेश)

शहडोल। अध्यक्ष योग आयोग मध्यप्रदेश श्री वेदप्रकाश शर्मा ने कहा है कि योग करने से रोग दूर होते है, दवाईयों की जरूरत नही पड़ती है। उन्होंने कहा है कि मध्यप्रदेश में योग के प्रचार-प्रसार के लिये मीडिया, जनमानस तक योग से होने वाले फायदों की जानकारी



पहुंचाएं।उन्होंने कहा कि 21 जून के अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मध्यप्रदेश में लगभग 1 करोड़ लोग योग में भाग लेंगे।अध्यक्ष योग आयोग ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय दिवस पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे तथा योग दिवस को उत्सव की तरह मनाये। अध्यक्ष, मध्यप्रदेश योग आयोग श्री वेदप्रकाश शर्मा आज शहडोल में पत्रकारवार्ता में पत्रकारों को सम्बोधित कर रहे थें। उन्होंने कहा कि युवाओं में योग को प्रोत्साहित करने के लिये स्कूलों में 10 मिनट का योगाभ्यास प्रतिदिन कराये जाने के प्रयास किये जा रहे है तथा प्रदेश की प्राइमरी एवं मीडिल स्कूलों में योग की शिक्षा देने के प्रयास किये जा रहे है। उन्होंनेबताया कि वर्ष 2020 से भारत सरकार द्वारा योग को खेल का स्वरूप दिया गया है। योग को खेलों के रूप में शामिल कर दिया गया है इससे योग करने वाले युवाओं को लाभ होगा। उन्होने कहा कि योग ऐसा खेल है जो शरीर के साथ-साथ मन को भी प्रसन्न रखता है। उन्होने बताया कि शहडोल जिले में योग अधिकारी की नियुक्त शीघ्र ही होगी तथा शहडोल जिले में योग को प्रोत्साहित करने के सतत प्रयास किये जा जाएगे।

# गांजा समेत एक लाख का मशरूका जप्त, दो आरोपी गिरफ्तार, बुढ़ार थाना पुलिस ने की देर रात कार्यवाही




**रोहित तिवारी (शहडोल)।** शहडोल। जिले के बुढ़ार थाना पुलिस ने बीती देर रात्रि थाना अंतर्गत विक्रमपुर चिटूहला मार्ग से गांजा तस्करी करने जा रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके पास से 7 किलो 50 ग्राम गांजा, एक बिना नंबर की एच एफ डिलक्स मोटर शायकिल, एक मोबाइल फोन तथा 15 हजार 2 सौ 80 रुपए समेत लगभग एक लाख रुपए का मशरूका जप्त किया गया हैं। आरोपियों की पहचान सुशील कहार निवासी विक्रमपुर तथा जॉनी उर्फ़ शिवलाल कहार निवासी ग्राम धनपुरा के रूप मे हुई हैं। इस संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से बुढ़ार थाना पुलिस को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र दो युवक मोटर सायकिल से गांजा तस्करी करने जा रहे हैं। सूचना मिलते ही वारिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त कर थाना प्रभारी रत्नाबर शुक्ला अपनी टीम के साथ मौके की तरफ रवाना हो गए। जहाँ विक्रमपुर चिटूहला मार्ग मे घेराबंदी करते हुए उक्त दोनों आरोपियों को पुलिस ने दबोच लिया।

तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से गांजा बरामद हुआ। पता चला हैं कि उक्त दोनों आरोपी लम्बे समय से क्षेत्र मे गांजा तस्करी का काम कर रहे हैं। अब पुलिस यह पता लगाने मे जुट गयी हैं कि इन गांजा तस्करो के तार कहा कहा से जुड़े हुए हैं और यह क्षेत्र मे कहाँ कहाँ गांजा सप्लाई करते हैं। बहरहाल आरोपियों के खिलाफ एनडीपीसी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही हैं। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी बुढ़ार रत्नाबर शुक्ल, उपनिरीक्षक गोविन्द भगत, उपनिरीक्षक दिलीप सिँह खैरहा, सहायक उपनिरीक्षक गिरीश शुक्ला, प्रधान आरक्षक बलभद्र सिँह, आरक्षक सतीश चौरासिया खैरहा तथा सनत गौतम का सराहनीय योगदान रहा।

## सुठालिया पुलिस टीम की अवैध रेत का परिवहन करने वाले के विरुद्ध कार्यवाही

मुकेश अहिरवार






राजगढ़। जिले मे एवं थाना सुठालिया क्षेत्र में अवैध रेत का कारोबार करने वाले के विरुद्ध जिला पुलिस अधीक्षक श्री बीरेंद्र कुमार सिंह (भापुसे) के कुशल नेतृत्व मे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मनकामना प्रसाद व एसडीओपी ब्यावरा नेहा गौर के कुशल मार्गदर्शन मे लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी सुठालिया उनि राकेश दामले को दिनांक 23/05/2023 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मऊ रोड से एक रेत से भरी हुई ट्राली ट्रेक्टर आ रही है। सूचना की तस्दीक हेतु थाने पर प्रआर 321 मांगीलाल लोधा आरक्षक 580 सरजन व सैनिक 125 ऊदलसिह की एक टीम बनाकर तुरंत ही मौके पर रवाना किया जहां मऊ रोड से एक रेत से भरी हुई ट्राली सहित ट्रेक्टर आता दिखा जिसको घेराबंदी करके रोका जो ट्रेक्टर का चालक पुलिस को देखकर ट्रेक्टर को लेकर भागने लगा जिसे हमराह फोर्स की मदद से घेराबंदी करके पकडा जिसका नाम पता पुछा तो उसनें अपना नाम रामनारायण वर्मा उम्र 30 साल निवासी पाड़ली महाराजा थाना ब्यावरा का होना बताया जिसस रेत का परिवहन करने के संबंध मे बैध दस्तावेज मांगे गये जो कोई दस्तावेज नही होना बताया। आरोपी अबैध रुप से रेत का परिवहन करते पाये जाने पर आरोपी का कृत्य धारा 379, 414 भादवि 4,21 खान अधिनियम के तहत दण्डनीय पाया जाने से एक स्वराज 735 रंग का टेक्टर जिसका इंजन नं. 391354/एचपी0171216 चेचिस नं. एमबीएनएजे48ए एफ के टीएएसएस55132 मय रेत से भरी ट्राली कीमती 6,00,000/- रुपये के समक्ष पंचान के जप्त किया व थाने आकर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 187/2023 धारा 379, 414 भादवि 4,21 खान अधिनियम का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## बस पास को लेकर आंदोलन कर रहे छात्रों के प्रतिनिधिमंडल ने आज महापौर जी से मुलाकात की



प्रधान संपादक- नागेश नरवरिया

आज दिनांक 24 मई 2023 को बस पास को लेकर आंदोलन कर रहे छात्रों के प्रतिनिधिमंडल ने माननीय महापौर श्रीमती मालती राय जी से मुलाकात की हैं। रियायती दरों पर बस पास मिले ठीक जिस तरह कोविड-19 महामारी से पूर्व छात्रों को न्यूनतम दरों पर पास जारी किया जाता था जिसको लेकर छात्र लगातार पिछले 3 से 4 माह से आंदोलन कर रहे हैं इसी कड़ी में आज विद्यार्थियों का 7 सदस्य प्रतिनिधिमंडल नगरपालिका कार्यालय पहुंचकर महापौर श्रीमती मालती राय जी से मिला इस मुलाकात में आंदोलन के नेतृत्वकारी साथियों ने विस्तार से अपनी बात कहीं और मांगों के संदर्भ में स्पष्टता से जिम्मेदार बीसीएलएल के अधिकारी एवं महापौर जी को अवगत कराया गया। जिसके बाद माननीय महापौर जी ने छात्रों को आश्वस्त देते हुए कहा कि हम 4 से 5 दिनों में छात्रों की बस पास की समस्या को लेकर उचित कदम उठायेंगे और छात्रों को जल्द से जल्द राहत दी जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में एसएफआई से दीपक पासवान, जया पाटीदार, आरती, सलोनी, प्रिया, पूर्वी, संदीप मांढरे, प्रतिनिधि सदस्य के रूप में उपस्थित रहे।

## सुश्री साक्षी मिश्रा ने यूपीएससी में सफलता





वीरेंद्र कुमार गुप्ता (अनूपपुर)

अनूपपुर। केंद्रीय विद्यालय अनूपपुर की प्राचार्य प्रीति मिश्रा की पुत्री सुश्री साक्षी मिश्रा यूपीएससी के परीक्षा परिणाम में 299 रैंक पाकर सफलता अर्जित की है। उनकी सफलता से अनूपपुर का नाम रोशन हुआ है।होनहार बच्चों ने अच्छी शिक्षा प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। जिला आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा के जिलाअध्यक्ष चैतन्य मिश्रा ने सुश्री साक्षी मिश्रा के चयन पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही विकास की जननी है।निश्चित ही बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है। जिससे अनूपपुर के भी बच्चे काफी अच्छी पदो पर पूरे भारत में कार्यरत हैं।ब्राह्मण समाज ने स्वागत किया। आर्यावृत ब्राह्मण महासभा के राष्टीय अध्यक्ष पं शिवाकांत शुक्ला ,कोषाध्यक्ष पं विनोद विंधेश्वरी प्रसाद पांडेय , प्रदेश अध्यक्ष पं रामनरेश शुक्ला, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष पंडित प्रेम कुमार त्रिपाठी ,नगर परिषद् बरगवां अमलाई का अध्यक्ष भगवती प्रसाद मिश्रा ,पवन छिब्बर ,जिला कांग्रेश के कार्यवाहक अध्यक्ष संतोष पांडे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद शर्मा, आशीष त्रिपाठी, एडवोकेट बृजेंद्र पंत ,विनोद पांडे, विद्याधर पांडे, रामनारायण द्विवेदी, एडवोकेट चंद्रभूषण त्रिपाठी,दिनेश मिश्रा, सुजीत मिश्रा, बाबूलाल पाठक, मनोज द्विवेदी, राकेश शर्मा,सीता शरण मिश्रा, कमलेश द्विवेदी, राकेश गौतम, किशन मिश्रा, शशांक मिश्रा, कन्हैया लाल मिश्रा,अजय मिश्रा,मुकेश मिश्रा, अमित शुक्ला,राजेश शुक्ला,रामजी मिश्रा,धर्मेंद्र कांत मिश्रा, प्रदीप मिश्रा कोतमा, संदीप गर्ग, सुशील मुनिराज मिश्रा, राजेश पयासी,अजीत मिश्रा,राजेश पाण्डेय, मनोज शुक्ला,रामबाबू चौबे,दीपक पांडे,सुधाकर मिश्रा, , ,नारायण द्विवेदी,चिनमय पाण्डेय,बृजेश तिवारी,राकेश गौतम,राकेश शर्मा, , संतोष शुक्ला,दीपक शुक्ला, ,आशीष कुमार द्विवेदी,संदीप कुमार द्विवेदी, ओम प्रकाश शास्त्री,नवीन पांडे, ,,श्रीकांत मिश्रा,प्रशांत त्रिपाठी , ,राजेश द्विवेदी, ,मुकेश तिवारी, मदन मोहन मिश्रा, बद्रीनाथ तिवारी, मनीष त्रिपाठी,अजय मिश्रा, आदि आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा के लोगों ने बधाई प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की हैं ।

## फुटबाल क्रांति के तहत किया जा रहा फुटबॉल प्रतियोगिता

कैलाश कुमार - सह संपादक (युवाप्रदेश)



शहडोल। फुटबॉल क्रांति के तहत अमर शहीद राजा शंकर शाह एवं अमर शहीद कुमार रघुनाथ शाह, के स्मृति में चैलेंज कब डे एंड नाइट फुटबॉल प्रतियोगिता के आयोजक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे शहडोल, प्रायोजक, बिचारपुर कोल माइंस अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, के तत्वाधान में खेले जा रहे। फुटबॉल मैच 22 मई 2023 को खेले गए मैच में 14 वर्ष आयु वर्ग बालको के फुटबॉल मैच खेला गया जिसमें फ्यूचर 11 एफसी वर्सेस यूनिक टाइगर 11 एफबी शहडोल के बीच खेला गया कि जिसमें यूनिक टाइगर 11 एफसी 3-0 से विजयी हुई।

# डॉ वी पी एस चौहान ने ग्यारह सौ लोगों के साथ पूर्व मुख्यमंत्री के कर कमलों से ग्रहण की कांग्रेस की सदस्यता

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता (अनूपपुर)**

अनूपपुर। मां नर्मदा की पावन धरती अनूपपुर जिले में पूर्व मुख्यमंत्री एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ के आगमन को लेकर समूचे ज़िले सहित आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले कांग्रेस के समर्थकों का उत्साह दर्शनीय था। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश के बड़े नेताओं का ज़िले ङ्क ज़िले में दौरा कार्यक्रम प्रारंभ हो चुका है और इसी कड़ी में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का आगमन अनूपपुर जिले में हुआ । पिछले विधानसभा चुनाव में जिले की तीनों विधानसभा सीटों पर कांग्रेस ने विजय पताखा फहराने का कारनामा किया था। कोतमा विधानसभा सीट से सुनील सराफ, पुष्पराजगढ़ से फुन्दे लाल सिंह और अनूपपुर विधानसभा सीट से बिसाहू लाल सिंह ने जीत दर्ज कर कांग्रेस की सरकार बनाने में नींव की ईंट बनने का कार्य किया था लेकिन लगभग 15 से 18 महीने की इस सरकार पर आपसी तालमेल की बुरी नजर लग गई और कई विधायकों ने बगावत कर उपचुनाव की स्थिति उत्पन्न कर सरकार गिरा दी और अंततः पुनः भाजपा के हाथों में मध्य प्रदेश की बागडोर चली गई। वर्तमान राजनीतिक उथल पुथल को देखते हुए प्रदेश स्तर से निगरानी करने वाले बड़े नेता ज़मीनी स्तर पर किसी प्रकार की गुंजाइश छोड़ने की स्थिति में नहीं है और इसी तारतम्य में विगत चंद दिनों पहले पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के आगमन के बाद अब पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का आगमन हुआ है, जिससे कि ज़िले




भर की तीनों विधानसभा सीटों की स्थिति से पूरी तरह से अवगत हो सकें। आज हेली पैड पर कोतमा विधायक सुनील सराफ, पुष्पराजगढ़ विधायक फुन्दे लाल सिंह, कांग्रेस के अनूपपुर ज़िले के जिलाध्यक्ष रमेश सिंह, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव श्रीधर शर्मा, सेवा दल, एन एस यू आई सहित कई बड़े नेता अपने प्रदेश के अध्यक्ष की अगुवाई करने पहुचे । मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट विद्यालय अनूपपुर के प्रांगण में सभा स्थल पर पहुंच कर अपने पदाधिकारियों, समस्त कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों सहित आम जनता से मुखातिब हुए। सर्वप्रथम मां भारती एवं राष्टपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया । इस दौरान मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव श्रीधर शर्मा की अगुवाई में लगभग ग्यारह सौ से अधिक कार्यकर्ताओं व समर्थकों की उपस्थिति में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी ने अपने करकमलों से डॉ वी पी एस चौहान को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई ।इस कार्यक्रम में आए हुए लोगों में अधिकांश लोग डॉ वी पी एस चौहान के साथ आए हुए समर्थक दिखाई दे रहे हैं। प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर तंज कसते हुए कमलनाथ ने कहा कि आप हमसे 15 महीने का हिसाब मांग रहे हैं, आप अपनें 15 सालों का हिसाब देकर दिखाओ। इस प्रकार अपने वचनपत्र की बातों को सरकार बनते ही प्रभाव में लाने की बात कहते हुए आपने आम जनता का आभार व्यक्त किया और प्रदेश में कांग्रेस के सरकार की नींव रखने हेतु आम जनता से अपील की।

## श्रीधरअगुवाई में डॉ चौहान ने ली कांग्रेस की सदस्यता

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के आगमन के अवसर पर डॉ वी पी एस चौहान ने अपने लगभग ग्यारह सौ कार्यकर्ताओ के साथ इस कार्यक्रम में शामिल होकर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव श्रीधर शर्मा जी की अगुवाई में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के करकमलों से कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। डॉ चौहान के कांग्रेस पार्टी में आने की खबरों ने पहले ही समूचे ज़िले में एक राजनीतिक चर्चा का महौल बना लेकिन जब कांग्रेस पार्टी में सदस्यता लेने का समय आया और उन्होंने अपने साथ बड़े पैमाने पर लोगों और समर्थकों का हुजूम प्रदर्शित किया, जिससे कोतमा विधानसभा क्षेत्र में एक जबरदस्त चर्चा का बजार गर्म हुआ । कई टिकिट के दावेदार वर्तमान में डॉ चौहान को कांग्रेस पार्टी की ओर से आगामी विधानसभा चुनाव के लिए टिकिट के दावेदारों की सूची में देखने लगे हैं तो कई राजनीतिक लोग अपने प्रतिद्वंदी के रुप में पा रहे हैं।डॉ चौहान के साथ तीन सौ पचास गौसेवक संघ के सदस्य,एक सौ उन्तीस पेंशनर एसोसिएशन के सदस्य, तेईस सरपंच,सात जनपद सदस्यो कुल मिलाकर ग्यारह सौ पांच सदस्यों ने और 125 गाड़ियों के काफिले के साथ सदस्यता ली ।डॉक्टर चौहान कांग्रेस कि सदस्यता लेने के बाद कहा कि मेरा आम जनता की सेवा ही प्रथम और अंतिम उद्देश्य है।

# छात्र डी एन सिंह का सुयश

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता**

अनूपपुर। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश शासन भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा पांचवी में डी एन सिंह चंदेला पिता दिनेश कुमार सिंह चंदेल माता निशा सिंह चंदेल सरस्वती उच्चतर



माध्यमिक विद्यालय जैतहरी के छात्र हैं 400 में जो कक्षा पांचवी में 400 में 323 अंक प्राप्त कर सरस्वती विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया है इनकी इस उपलब्धि पर जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी अभिषेक राजन एसडीओपी अनूपपुर स्वीकृति सिंह बघेल जिला वालीबाल संघ के संरक्षक लक्ष्मण राव,अरूण सिंह, आशीष त्रिपाठी पंकज अग्रवाल जिला वालीबाल संघ के अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा कार्यकारी जिलाध्यक्ष रामखेलावन और सिद्धार्थ शिव सिंह उपाध्यक्ष सोमनाथ प्रचेता, अमित शुक्ला विनोद बिंदेश्वरी पांडे रमेश तिवारी विनोद सोनी सचिव रामचंद्र यादव कोषाध्यक्ष प्रदीप यादव सह कोषाध्यक्ष उमेश राय सह सचिव हरिशंकर यादव मिथिलेश सिंह नेताम सुमिता शर्मा सह सचिव एवं नेशनल ट्रेनर स्टेट रेफरी दिनेश कुमार सिंह चंदेल पूर्व सहायक लेखा अधिकारी देवेंद्र सिंह नेशनल रेफरी संतोष सिंह उमरिया वालीबाल संघ के सचिव हरि सिंह चौहान थाना प्रभारी जैतहरी रंगनाथ मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी तुलाराम सिंह आर्मी सहायक परियोजना अधिकारी देवेश सिंह बघेल ओंकार सिंह धुर्वे हेमंत मिश्रा सरस्वती विद्यालय के प्राचार्य दीपक उरमलिया आचार्य प्रेम प्रकाश मिश्रा मनोज सोनी राम गोपाल राठौर सत्येंद्र सिंह राठौड़ कमलेश जैन हिमांशु गुप्ता सोनी आचार्य प्रभा सिंह राठौर नीतू सिंह ममता सिंह राठौर राखी तिवारी सुनीता अग्रवाल सुनीता दीदी शुक्ला दीदी बाबूलाल एवं सरस्वती विद्यालय के समस्त स्टाफ खेल विभाग से अजय मंडलोई सहायक ग्रेड 3 एवं खेलन प्रसाद कूल पूरन सिंह श्याम एवं खिलाड़ियों में अतुल शुक्ला रवि प्रकाश नारायण त्रिपाठी हिमांशु सिंह चंदेल हिमांशु पांडे आदि लोगों ने बधाई दी है डीएन सिंह चंदेल दिनेश कुमार सिंह चंदेल के पुत्र हैं इनके पिता राष्टपति सम्मानित एवं राष्टीय ट्रेनर एवं स्टेट रेप एवं विकासखंड समन्वयक खेल युवा कल्याण विभाग जैतहरी एवं जिला वालीबाल संघ के सचिव हैं डीएन सिंह चंदेल ने कहा किया देन हमारे माता पिता और गुरुओं की देन है भविष्य में हम ब्लॉक जिला संभाग राज्य में प्रथम स्थान ले आने का प्रयास करें।

# किसकी नईया होगी पार नरयावली विधानसभा में

**युवा प्रदेश नेटवर्क**

सागर। कर्नाटक चुनाव परिणाम के बाद मध्यप्रदेश में चुनावी सरगर्मी तेज हो चुकी हैं, ओर नेता कांग्रेस पार्टी को 2023ङ्24 में अपना भविष्य मान रहे है। 5 माह बाद विधानसभा के चुनाव होना लगभग तय माने जा रहे हैं ?से में कांग्रेस ङ्क भाजपाअपने अपने स्तर पर दांव लगा रहे हैं वहीं बात बुंदेलखंड अंचल की कहें तो भाजपा ङ्क कांग्रेस में सबसे ज्यादा कांटे की टक्कर इसी इलाके में होना तय मानी जा रही है जहां सबसे ज्यादा अनुसूचित वर्ग व ओबीसी वर्ग की आवादी है सागर 8 में से 2 विधानसभा सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं वर्तमान में भाजपा के पास 6 सीट हैं तो कांग्रेस के पास 2 सीट हैं जहां बात आरक्षित सीट नरयावली विधानसभा सीट की करें, तो यहाँ से 2008 से लगातार तीन बार से वर्तमान भाजपा विधायक प्रदीप लारिया के खिलाफ एन्टी इंकम्बेनसी व भितर घात का खतरा नजर आ रहा है इसका अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि एक दिन पूर्व ही वर्तमान भाजपा विधायक प्रदीप लारिया के भाई हेमन्त लारिया ने भोपाल में अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस प्रदेश



अध्यक्ष कमलनाथ के साथ अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ले ली है यह कहीं न कही भितरघात की आशंका के चलते हो सकता है खेर अब हेमन्त कांग्रेस से दावेदारी करते हैं कि नही यह तो समय बताएगा पर यह सब परिस्थितियों को देखकर कांग्रेस की और से सबसे ज्यादा दावेदार उभर के सामने आ रहे हैं जिनमे 2008 से लेकर 2018 तक तीन बार हार का मुंह देख चुके सुरेंद्र चौधरी भी इस बार फिर तैयार कर रहे हैं पर सामान्य वर्ग ब्राह्मण वोटर में उनकी जातिवादी छबि के कारण आज भी पसंद नही किया जाता है और जनता उन पर भरोसा नही कर रही है

**रेखा चौधरी**

वहीं कांग्रेस की पूर्व शहर अध्यक्ष रह चुकी व 2009 में सागर से महापौर का चुनाव हार चुकी रेखा चौधरी ने भी दावेदारी की है पर लोगों का कहना है कि इनका जनाधार केवल शहर तक सीमित है एक नाम और दावेदार के रूप में आ रहा है जो संविदा कर्मचारियों के लिए संघर्षरत रहे कर्मचारी नेता व सागर का सबसे युवा चेहरा जो किसी भी गुट में नहीं हैं जो सीधे भोपाल में अपनी पकड़ बनाये हैं

**लीलाधर अहिरवार**

लीलाधर अहिरवार भी चुनाव लड़ने की अपनी इच्छा जता चुके है बाकायदा गोपनीय तरीके से भोपाल स्तर पर अपनी दावेदारी कर चुके हैं व अंदरखाने से गॉव गॉव जाकर तेजी से तैयारी में लगे हैं जो कर्मचारियों के अलावा अन्य सभी वर्गों को साधने में लगे हैं व युवा वोटर को लुभाने के लिए कोई कोर कसर नही छोड़ रहे हैं वहीं शारदा खटीक भी अपनी दावेदारी कर रही हैं पर जातीय समीकरण में वे पिछड़ती नजर आ रही हैं खेर य तो जनता की राय हैं आंगे देखते हैं क्या होता है अभी टिकिट वितरण में काफी समय है।




# ब्यावरा शहर पुलिस टीम द्वारा तत्परता से कार्रवाई कर परिजनों के चेहरे पर लौटाई खुशी

## राजगढ़ से मुकेश अहिरवार की विशेष रिपोर्ट

पुलिस अधीक्षक बीरेंद्र कुमार सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मनकामना प्रसाद एवं एसडीओपी श्रीमती नेहा गौर द्वारा लगातार ही नाबालिक बालक बालिकाओं के विरूद्ध घटित अपराध एवम गुमशुदा बालक बालिकाओं की पतारसी हेतु निर्देशित किया गया दिनांक 22.05.2023 को कालू गुर्जर निवासी भवरपुरा थाना राजगढ़ ने थाना उपस्थित आकर सूचना दिया कि मेरी नाबालिग लड़की राधा उम्र 6 वर्ष जो मैं पीपल चौराहा के पास किराने दुकान से सामान खरीदा था तभी मेरी लड़की राधा दाएं बाएं होकर कहीं चली गई मैंने कस्बा ब्यावरा में तलाश किया नहीं मिली, फिर थाने पर सूचना दिया सूचना पर थाने से थाना प्रभारी ब्यावरा शहर निरीक्षक राजपाल सिंह राठौर के नेतृत्व में टीम बनाई गई तत्काल टीम को कस्बा ब्यावरा में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से गुम शुदा राधा गुर्जर उम्र 6 साल की जो पुलिस टीम के द्वारा 1 घंटे में पता कर राधा के परिजनों को सुपुर्द किया उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी ब्यावरा सिटी निरीक्षक राजपाल सिंह राठौर, उप निरीक्षक विष्णु मीणा , उप निरीक्षक नाथूराम किरकेट्टा, प्रधान आरक्षक प्रदीप सिंह सोलंकी, प्रधान आरक्षक देवेंद्र सिंह मीणा, प्रधान आरक्षक शैलेंद्र सिंह बेस, महिला आरक्षक आयशा बानो, महिला सैनिक सीमा कुशवाहा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# दलपत सागर में दो हजार बैकिरियल ई बॉल डालकर किया गया जलकुंभी के समूल खात्मे के अभियान का शुभारंभ

**लक्ष्मण पिल्लई की खबर**

जगदलपुर। बस्तर की ऐतिहासिक धरोहर दलपत सागर के संरक्षण के चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान में एक कड़ी और जोड़ते हुए जलकुंभियों के समूल खात्मे के लिए 2 दो हजार बैक्टिरियल ई बॉल पहली बार प्रायोगिक तौर पर डाले गए। संसदीय सचिव श्री रेखचंद जैन, महापौर श्रीमती सफीरा साहू, इंद्रावती बेसिन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री राजीव शर्मा, कलेक्टर श्री विजय दयाराम के ने ई बॉल डालकर दलपत सागर को जलकुंभी मुक्त करने के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर संसदीय सचिव श्री जैन ने कहा कि दलपत सागर को स्वच्छ बनाने की प्रतिबद्धता हम सभी की होनी चाहिए, क्योंकि यह हमारी धरोहर है। यह कार्य केवल शासन प्रशासन का नहीं है। इसे स्वच्छ करना हम सभी का दायित्व है। जो उत्साह जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी संगठनों के साथ आमजनों में नजर आ रही है, उससे लगता है, कि हमें सफलता अवश्य मिलेगी। नवपदस्थ कलेक्टर श्री विजय द्वारा अंबिकापुर में नगर निगम आयुक्त के तौर पर कार्य



करते हुए की गई तालाबों की सफाई के अनुभव का लाभ जगदलपुर सहित बस्तरवासियों को भी मिलेगा। महापौर श्रीमती सफीरा साहू ने कहा कि पिछले तीन चार वर्षों से दलपत सागर के संरक्षण, संवर्द्धन, स्वच्छता और सौंदर्यीकरण के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं, जिनका परिणाम भी नजर आ रहा है। हालांकि जलकुंभियों की समस्या अभी भी बनी हुई है। नवपदस्थ कलेक्टर श्री विजय के अनुभव का लाभ लेते हुए अंबिकापुर में की गई तालाबों की सफाई की तरह सागर को भी जलकुंभिमुक्त करने के लिए दलपत सागर में ई बॉल डाले जा रहे हैं। आशा है कि शीघ्र ही दलपत सागर जलकुंभी मुक्त हो जायेगा। इंद्रावती बेसिन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री राजीव शर्मा ने कहा कि बस्तर के ऐतिहासिक दलपत सागर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए शासन प्रशासन और विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ ही आमजनों का किया जा रहा प्रयास सराहनीय है और यह प्रक्रिया निरंतर जारी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दलपत सागर के साथ ही गंगामुंडा, भुतहा तरई सहित अन्य तालाबों के संरक्षण और संवर्धन का कार्य भी हमारी सरकार की कार्ययोजना में शामिल है। कलेक्टर श्री विजय दयाराम के ने कहा कि दलपत सागर बस्तरवासियों की भावनात्मक कड़ी है और यह कड़ी बरकरार रहनी चाहिए। दलपत सागर को लेकर बस्तरवासियो में जो भावना है, वह यहां के लोगों से मैंने महसूस किया है। पिछले कई वर्षों से इस ऐतिहासिक धरोहर को बचाने के लिए शासन प्रशासन के साथ आम लोगों ने जी जान से प्रयास किया है और आज भी।निरंतर जारी है। इस धरोहर को बचाने में सबसे बड़ी बाधा जलकुंभी नजर आई है। जलकुंभियों को समूल नष्ट करने के लिए पानी में मौजूद उसके पोषक तत्वों को नष्ट करना आवश्यक है। इसके लिए यहां पहली बार बैक्टिरियल ई बॉल का प्रयोग किया जा रहा है। इसमें शामिल बैक्टीरिया जलकुंभियों के जड़ों को नष्ट करने के साथ ही यहां के पानी के पीएच मान और टीडीएस को भी संतुलित करेंगे। इसका प्रयोग पहले अंबिकापुर के तालाबों में किया जा चुका है, जिसके परिणाम सार्थक रहे।

# थाना कालीपीठ की अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही




**मुकेश अहिरवार राजगढ़**

जिले में अवैध शराब की धड़पकड़ हेतु संपूर्ण जिले में अभियान चलाया जा रहा है अभियान के तहत दिनांक 21.5.2023 को जिला राजगढ़ पुलिस अधीक्षक श्री बीरेंद्र कुमार सिंह(भापुसे) के मार्गदर्शन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला राजगढ़ श्री मनकामना प्रसाद व एसडीओपी राजगढ़ श्री डीकशर्मा सर के निर्देशन में थाना प्रभारी कालीपीठ रजनीश सीरोठिया एवं उनकी टीम के द्वारा अवैध शराब के संबंध में मुखबिर से प्राप्त सूचना पर थाना कालीपीठ क्षेत्र के ग्राम कराडिया में कार्यवाही की गई। कालीपीठ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर सूचना पर बताए गए स्थान ग्राम कराडिया मे मय फोर्स की मदद से दबिश देकर एक आरोपी को पकड़ा तथा नाम पता पूछने पर आरोपी ने अपना नाम अमरलाल तंवर नि.कराडिया, थाना कालीपीठ का होना बताया। आरोपी के कब्जे से दो केनो मे कुल 55 लीटर कच्ची हाथ भट्टी की शराब भरी हुई कीमती 11000 रुपये.को विधिवत जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 155/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया आरोपी को माननीय न्यायालय पेश कर जिला जेल राजगढ़ भेजा गया। उक्त अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही करने में थाना प्रभारी रजनीश सिरोठिया, प्रधान आरक्षक देवीलाल दांगी, प्र.आर.पवन, आरक्षक अशोक राहौरिया आर.सुरेंद्र,आरक्षक भागीरथ का विशेष योगदान रहा।

# नपा अनूपपुर के सभाकक्ष में अनधिकृत कॉलोनियों में विकास कार्यों के क्रियान्वयन का शुभारंभ

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता (अनूपपुर)**

अनूपपुर। मुख्य नगरपालिका अधिकारी स्नेहा मिश्रा ने बताया कि 23 मई 2023 को प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी चौहान द्वारा अनधिकृत कॉलोनियों में विकास कार्यों के क्रियान्वयन का शुभारंभ भोपाल से किया जाएगा जिसे नगरपालिका अनूपपुर के सभाकक्ष में प्रातः 11.00 बजे से लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से देखा जाएगा। सीएमओ स्नेहा मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री जी के द्वारा मुख्यमंत्री निवास में नगरीय क्षेत्र की अनधिकृत कॉलोनियों में विकास कार्यों के क्रियान्वयन की प्रक्रिया का शुभारंभ 23 मई को प्रातः 11.00 बजे



किया जाएगा नगरपालिका अनूपपुर के सभाकक्ष में भी उक्त कार्यक्रम को देखा जाएगा। मुख्य नगरपालिका अधिकारी स्नेहा मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जी के द्वारा नगर निगम भोपाल की अनधिकृत कॉलोनियों में विकास कार्यों के क्रियान्वयन का शुभारंभ करते हुए रहवासियों को भवन निर्माण अनुमति प्रदान की जाएगी। यह कार्यक्रम प्रदेश सहित अनूपपुर नगरपालिका के सभाकक्ष में जिले के माननीय प्रभारी मंत्री,सांसद,विधायक और जन प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित होगा।कार्यक्रम के लाईव टेलीकास्ट की व्यवस्था भी की जावेगी। उन्होंने आयोजित कार्यक्रम में उपस्थिति का आग्रह किया है।

# अपने यौन दुराचारी को बचाने के लिए संस्कारी पार्टी का हम बनाम वो का खेला

**लक्ष्मण पिल्लई की खबर**

जब दो-दो बार ओलम्पिक खेलने वाली विनेश फोगाट एशियन गेम्स और राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतकर आ रही थीं, तब वे भारत की बेटी थीं। जब साक्षी मलिक ओलिंपिक खेलों के महिला कुश्ती मुकाबलों में भारत का पहला मैडल जीतकर लौटी थीं, तब वे देश का गौरव थीं। उनकी उपलब्धियों की खीर में साझेदारी के लिए उतावले फोटूजीवी परिधानमंत्री दलबल सहित उन्हें दावत पर बुला रहे थे, उन्हें अपने परिवार का सदस्य बताकर उनके साथ फोटू उतरवा रहे थे, हार क्या और जीत क्या का ढेर ज्ञान बगरा रहे थे, उनकी टेबल पर जाकर बतियाते हुए स्नेह और लाड़ बरसा रहे थे। अखबारों की सुर्खियों में उनके साथ अपना नाम और तस्वीर चस्पा करके कुछ इस तरह नजदीकियां जता रहे थे कि जैसे मैडल के पीछे खिलाड़ियों का परिश्रम और खेल कौशल कम, मोदी नाम केवलम का पुण्यप्रताप ज्यादा था।

# कर्नाटकः नफरत की इस हार को आगे कैसे ले जाएं?

**लक्ष्मण पिल्लई की खबर**

कर्नाटक के चुनाव के जबर्दस्त भाजपाविरोधी फैसले में निहित जनादेश पर आने वाले दिनों में चर्चा चलती रहेगी। लेकिन, इस बात पर प्रायः सभी विश्लेषणकर्ता सहमत नजर आते हैं कि इस हार के नतीजे इतने भर तक सीमित नहीं रहेंगे कि एक और राज्य, भाजपा द्वारा सीधे तथा अकेले प्रशासित राज्यों की उस सूची से निकल गया है, जो पहले भी बहुत प्रभावशाली नजर नहीं आ रही थी या सिर्फ यह कि अब कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी की सरकार होगी। बेशक, यह भी कम महत्वपूर्ण नहीं है कि कर्नाटक की इस हार के साथ,



दक्षिण भारत के पांच राज्यों ने अपने दरवाजे मजबूती से आरएसएस-भाजपा की राजनीति के लिए न भी सही, फिर भी उसके वर्चस्व के लिए तो बंद कर ही लिए हैं। हां! इसी साल के अंत से पहले-पहले होने जा रहे विधानसभाई चुनाव के आखिरी चक्र में, दक्षिण के सबसे नये राज्य, तेलंगाना में भी चुनाव होने हैं। जाहिर है कि वहां भी संघ-भाजपा का पूरे जोर-शोर से अपनी चुनावी किस्मत आजमाना तय है, लेकिन अब तक तो सारे आसार इसी के हैं कि वहां भी उनके लिए दरवाजे बंद के बंद ही रहेंगे। इसका एक सीधा और सरल-सा अर्थ तो यही है कि भारत के एक बड़े भौगोलिक-सांस्कृतिक हिस्से के लिए अस्वीकार्य संघ-भाजपा, कम से कम पूरे भारत का प्रतिनिधित्व करने का दावा तो नहीं ही कर सकती हैं। लेकिन, कर्नाटक के चुनावी नतीजों का असर, इससे आगे तक जाने वाला है। जाहिर है कि सबसे पहले तो इस चुनाव नतीजे से, मोदी-शाह के नेतृत्व में संघ-भाजपा की अजेयता के उस मिथक के चूर-चूर होने की नौबत आ गयी है, जिसे बीच-बीच में होती रही चुनावी व राजनीतिक विफलताओं से होने वाली टूट-फूट के बावजूद, सबसे बढ़कर मीडिया के माध्यम से अति-प्रचार तथा झूठ के प्रचार के सहारे, थेगलियां लगा-लगाकर, अब तक किसी तरह बनाए रखा जा रहा था। बेशक, अजेयता के इस मिथक को ऐसी टूट-फूट से बचाए रखने के लिए, संघ-भाजपा ने एक और उप-मिथक गढ़ा है, जो लोकसभाई तथा विधानसभाई चुनावों को मतदाताओं के कई बार-बार अलग-अलग देखने का सहारा लेकर, विधानसभाई चुनावों में मोदी की विफलताओं से, देश के स्तर पर मोदी की अजेयता के बचे रहने का ही काम करता है। लेकिन, अव्वल तो आम तौर पर मतदाताओं के राज्य तथा देश के स्तर के चुनाव की भिन्नता की अपनी सीमा है और ऐसा कम ही होता है, जब अपेक्षाकृत आस-पास हो रहे चुनावों में, उसी जनता के इन दोनों चुनावों की दिशाएं, एक-दूसरे की विरोधी हों। दूसरे, कम से कम मोदी की भाजपा के मामले में इस भिन्नता का मिथक और भी अविश्वसनीय है, क्योंकि मोदी की भाजपा में अब बाकायदा सारे के सारे चुनाव, मोदी के ही नाम पर लड़े जाते हैं।

# रियायती दर में बस पास के लिये छात्रों द्वारा निगम कार्यालय पर किया प्रदर्शन

**भोपाल।** विद्यार्थियों को पूर्व की तरह बीसीएलएल की बसों में रियायती दर में विशेष बस पास उपलब्ध कराये जाने की मांग को लेकर ने आज 20 मई 2023 को नगर पालिका निगम कालिय के समक्ष प्रदर्शन कर महापौर के नाम ज्ञापन सौंपा। निगम के अधिकारियों ने बीसीएलएल प्रबंधन एवं छात्रों के प्रतिनिधियों के बीच शीघ्र बैठक बुलाकर चर्चा कराने का आश्वासन दिया।प्रदर्शन के दौरान निगम कर्मचारियों ने छात्रों के साथ अभद्रता पूर्ण व्यवहार किया एवं प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं को बलपूर्वक हटाने का प्रयास किया। इस कार्यवाही का छात्र संगठनों ने तीव्र निंदा की। छात्रों ने आरोप लगाया कि नगर पालिका निगम भोपाल द्वारा संचालित बीसीएलएल के बसों के किराये में बेतहाशा वृद्धि किया गया है। इसी के साथ बीसीएलएल द्वारा छात्र-छात्रों के लिये लागू रियायती दरों के बस पास को बंद कर, आम जनता के लिये लागू दर से किराये छात्र-छात्राओं से वसूला जा रहा है। बीसीएलएल के इस कदम से आम छात्र-छात्राओं पर आर्थिक बोझ काफी बढ गया है, जिसके चलते वे बेहद परेशान है। अधिक किराये होने के चलते समय पर बस पास का रिचार्ज न करा पाने से कई बार छात्र छात्रायें शिक्षण संस्थानों में उपस्थिति सुनिश्चित नही करा पाती है, जिसका प्रभाव उनके रिजल्ट पर पडती है। छात्र-छात्रों ने आरोप लगाया कि एक तरफ सरकार बेटी बचाओ और बेटी पढाओ का डिंढोरा पीट रही है, दूसरी तरफ निगम द्वारा संचालित बसों में रियायती दरों में उपलब्ध बस पास की सुविधा



को समाप्त कर बेटियों से भी मनमाना किराया वसूल कर उनकी पढाई को प्रभावित कर रही है। गरीब बच्चों के बेहतर अंक से उत्तीर्ण होने पर सभी लोग तारीफ तो करते है लेकिन दूसरी तरफ उन बच्चों को मिल रही रियायती बस पास जैसे सुविधाओं को छीन कर उन बच्चों को पीछे ढकेलने का प्रयास कर रही है। एकतरफ सरकारें आम महिलाओं को निःशुल्क बस यात्रा सुविधा उपलब्ध करा रही है, वहीं भोपाल में रियायती दर में भी बस पास उपलब्ध कराने से नगर पालिका निगम इंकार कर रही है। बीसीएलएल ने छात्रों का बस पास रिचार्ज के लिये बनाये गये चलो एप की वेबसाईट में छात्र श्रेणी का रिचार्ज को ही बंद कर दिये है। आज के प्रदर्शन की मांगों में छात्र-छात्राओं को शिक्षण संस्थानों में आने जाने हेतु पूर्व की तरह बीसीएलएल के बसों में रियायती दरों पर बस पास उपलब्ध कराये जाने, बीसीएलएल की बसों एवं चलो एप की वेबसाईट में बंद किये गये छात्र श्रेणी का रिचार्ज की सुविधा को पुनः चालू करने, छात्रों के बस पास की किराये में की गई वृद्धि को वापस लेने की मांग की है। आज प्रदर्शन का नेतृत्व जया पाटीदार,सोनू अहिरवार, एसएफआई से दीपक पासवान, आरती, सलोनी, खुशी यादव, रोशनी यादव, प्रियंका, जितेन्द्र, शिवम, पूरवी, संदीप मान्ड्रे आदि ने किया।

# अनूपपुर की बिटिया का जूनियर नेशनल वालीबाल चैंपियनशिप के लिए चयन, माता-पिता बोले बेटी पर है गर्व

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता (अनूपपुर)**

अनूपपुर। जिले की कुमारी दीपिका दुबे का चयन जूनियर नेशनल वालीबाल चैंपियनशिप के लिए हुआ है। मध्यप्रदेश एमेच्योर वालीबाल एसोसिएशन द्वारा 44 वी सब जुनियर बालक एव बालिका वालीबाल चैंपियनशिप 2022-23 का आयोजन रामपुर जिला होशंगाबाद मे 17 मई से 19 मई तक आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता मे स्टेट रेफरी अतुल यादव के साथ शहडोल संभाग की तरफ से कु दिपिका दुबे ,प्रतीक्षा सिह, अंकित यादव ,हर्षित कुमार, अर्णव कुमार पटेल एवं शिवम राठौर ने भाग लिया था। अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते कुमारी दीपिका दुबे का चयन मप्र टीम मे किया गया ,चयन की खबर से दीपिका के घर में खुशी का माहौल है। दीपिका के माता पिता का कहना है कि जब दीपिका का जन्म हुआ तो बिटिया के जन्म के कारण रिश्तेदारों ने 2 दिन खाना नहीं खाया था। लेकिन हमने संकल्प लिया कि हम अपनी बच्चियों को हर अच्छे से अच्छी शिक्षा और खेल कूद में आगे बढ़ने हेतु कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे , मेरी पांच बेटियां हैं जो? शिक्षा में खेलकूद में हर क्षेत्र में आगे है उन्होंने कहा कि हमें अपनी बेटियों पर नाज है, बेटियां हैं तो आज है हम बेटा और बेटी में कोई फर्क नहीं समझते हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि आज हमारी बेटी का चयन नेशनल टीम के लिए हुआ दीपिका के पिता ने कहा कि मैं सुनता था कि बच्चों का चयन नेशनल टीम में होता है लेकिन आज मैं सौभाग्यशाली अपने आपको महसूस करता हूं कि मेरी बच्ची का भी नेशनल टीम में चयन हो गया। दीपिका के पिता एसईसीएल बिजुरी कोल माइंस के सर्वे विभाग में पदस्थ हैं उनके पिता का नाम अंजनी प्रसाद दुबे और माता प्रेमवती देवी



है दीपिका दुबे पांच बहने एवं एक भाई हैं। दीपिका 9 वी परीक्षा पास कर कर दसवीं में आरकेवीवी स्कूल बिजुरी में शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। विवेकानंद वॉलीबॉल बिजुरी में प्रतिदिन अभ्यास के लिए जाती है। दीपका की बड़ी बहन काजल दुबे भी स्टेट लेवल क्वार्टर फाइनल खेल चुकी हैं। राष्ट्रीय स्तर की यह प्रतियोगिता 27 मई से 1 जून तक हुगली वेस्ट बंगाल मे आयोजित की जायेगी। दिपिका दुबे की राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने पर जिला वॉलीबॉल सघ अनूपपुर के अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा ने कहा हमारे जिले की बेटियां भी किसी से कम नहीं। सिर्फ दिल दिमाग में एक सोच की जरूरत होती है। आज हमारे देश में बेटियां हर क्षेत्र में बहुत ही तेजी के साथ आगे बढ़ रही है।इस अवसर पर जिला वॉलीबॉल सघ अनूपपुर के संरक्षक लक्ष्मण राव अरुण कुमार सिंह आशीष त्रिपाठी पकज अग्रवाल कार्यकारी अध्यक्ष सिद्धार्थ शिव सिह राम खेलावन राठौर उपाध्यक्ष अमित शुक्ला सोमनाथ प्रचेता ,विनोद विंधेश्वरी पांडे, विनोद सोनी ,रमेश तिवारी, सचिव रामचन्द्र यादव कोषाध्यक्ष प्रदीप यादव सहकोषाध्यक्ष उमेश राय सह सचिव दिनेश कुमार सिह चंदेल मिथलेश सिह नेताम हरिशंकर यादव , श्रीमती सुमीता शर्मा सिनियर खिलाड़ी सुरेन्द्र शर्मा स्टेट रेफरी अतुल कुमार यादव जितेन्द्र कुमार पनिका सभी पदाधिकारीयो ने की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# मुख्यमंत्री निवास में कोल जनजाति सम्मेलन में सीएम का ऐलान

भोपाल

मुख्यमंत्री निवास में बुधवार को कोल जनजाति सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह वही समाज है जिसने वनवास के दौरान भगवान श्रीराम को घर बनाकर दिया। शबरी मैया ने भगवान श्रीराम को चख-चखकर बेर खिलाए थे। यह समाज अंग्रेजों के खिलाफ भी लड़ा। हम भी कोल समाज को पट्टा देकर जमीन का मालिक बनाएंगे। इस समाज ने अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष किया। भगवान बिरसा मुंडा के डर से अंग्रेज कांपते थे। उनके नेतृत्व में और भी अनकों कोल योद्धाओं ने संघर्ष किया। हम सभी के यशस्वी पूर्वज हैं। उनकी जयंती को हमारे यशस्वी प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया। जून में कोल गढ़ी का पुनर्निर्माण कर शिलान्यास कर दिया जाएगा। तारीख तय कर लो।

सम्मेलन में मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय कोल जनजाति प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल, जिला पंचायत सतना के अध्यक्ष राम खेलावन कोल, जिला पंचायत रीवा की अध्यक्ष नीता कोल, ब्योहारी विधायक शरद कोल समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# प्रदेश की हर संसदीय सीट पर होगी भाजपा की महासभा, पूरे एक माह तक लगातार कई तरह के कार्यक्रम करने की तैयारी

भोपाल

चुनावी साल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नौ साल का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य पर प्रदेश में भाजपा एक बड़ा कैम्पेन चलाने जा रही है। इसके तहत पूरे एक माह यानि की भाजपा द्वारा 30 मई से 30 जून पूरे देश में बड़े आयोजन करने का फैसला किया गया है। इसे विशेष संपर्क अभियान का नाम दिया गया है। अभियान के तहत प्रदेश में सभी 29 लोकसभा सीटों पर पार्टी के बड़े नेताओं की सभाएं आयोजित करना तय किया गया है। इन नेताओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी से लेकर योगी तक के नाम शामिल हैं। यह अभियान ऐसे समय चलाया जा रहा है, जब प्रदेश में कुछ माह बाद ही विधानसभा के चुनाव होने हैं। इसकी वजह से इन सभाओं को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दरअसल मप्र उन राज्यों में शामिल है ,जहां पर कांग्रेस द्वारा भाजपा को बेहद कठिन चुनौती मिल रही है।

जानकारी के मुताबिक पार्टी इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी की बुंदेलखंड में बड़ी सभा कराए जाने की तैयारी कर रही है। बीना में एक बड़े प्लांट का भूमिपूजन प्रधानमंत्री द्वारा किया जाना है, ऐसे में पार्टी चाहती है कि नरयावली में बनने वाले संत रविदास मंदिर का भूमिपूजन पीएम मोदी के मुख्य आतिथ्य में हो , जिससे की प्रदेश के दलितों को साधा जा सके। दरअसल बुंदेलखंड अंचल में सर्वाधिक दलित आबादी रहती है। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल के मुताबिक इस दौरान हर लोकसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। सभी जिला, मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ पर विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के जरिए मोदी सरकार की नीतियों और उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाया जाएगा। 29 मई को पूरे प्रदेश में एक साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएंगी।

## इंफ्रास्ट्रक्चर आउटरीच विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

# परियोजनाओं का नियोजन करते समय वर्तमान के साथ ही भविष्य की जरूरतों को भी ध्यान में रखें

भोपाल

भारत सरकार के आर्थिक कार्य विभाग द्वारा नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मध्यप्रदेश के सहयोग से इंफ्रास्ट्रक्चर आउटरीच विषय पर कार्यशाला की श्रृंखला में चौथी दो दिवसीय कार्यशाला भोपाल में की जा रही है। कार्यशाला में अपर मुख्य सचिव वित्त अजीत केसरी ने कहा कि परियोजनाओं का नियोजन करते समय वर्तमान के साथ-साथ भविष्य की जरूरतों को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि परियोजना अपने आप में वित्तीय रूप से सक्षम हो, जिससे संचालन और संधारण के व्यय की व्यवस्था हो सके।




प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास नीरज मण्डलोई ने कहा कि बढ़ते शहरीकरण की चुनौती को संभावनाओं के रूप में देखना होगा। उन्होंने कहा कि नगरों को ग्रोथ इंजन की तरह देखा जा रहा है। शहरीकरण के साथ बड़े स्तर पर अधो-संरचना विकास के लिए वित्तीय संसाधनों की जरूरत होगी। अधोसंरचना को व्यापक एवं व्यवहारिक तौर पर निरंतर उपयोगी रखने के लिए फाइनेंशियल लिवरेजिंग सफलता की कुंजी है। परियोजनाओं को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मोड के साथ-साथ वित्तीय तौर पर सक्षम बनाने में प्रचलित भूमि प्रबंधन के प्लानिंग टूल्स का उपयोग समय की आवश्यकता है। मंडलोई ने दूसरे राज्यों से आए हुए प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि उनके अनुभव और विचार मध्यप्रदेश के लिए उपयोगी रहेंगे। भारत सरकार के आर्थिक कार्य विभाग के संयुक्त सचिव सोलोमन आरोक्याराज ने स्वागत उद्बोधन दिया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र के प्रथम चरण में सपोर्ट टू सोशल अर्बन एंड पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर विषय पर पैनल डिस्कशन हुआ। इसका समन्वय अपर आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास मती रुचिका चौहान ने किया। मती चौहान ने विस्तृत प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभाग की उपलब्धियों को साझा किया। मती चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश के नगरों में स्मार्ट सिटी मिशन, अमृत प्रधानमंत्री आवास योजना, अर्बन ट्रांसपोर्ट और स्वच्छ भारत मिशन के क्षेत्र में अग्रणी कार्य किए जा रहे है। मती चौहान ने प्रतिभागियों को इंदौर में चल रहे गोवर्धन प्रोजेक्ट की विशेषताओं के साथ प्रदेश में पीपीपी मोड में किए जा रहे नवाचारों से भी अवगत कराया। उल्लेखनीय है कि दो दिवसीय इस कार्यशाला में राजस्थान, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, झारखंड, दिल्ली, दादर और नागर हवेली, दमन और दीव के प्रतिनिधि सहभागिता कर

# शिवराज की घोषणाओं से रियल इस्टेट कारोबार को साफ सुथरा करने के प्रयासों को झटका

**भोपाल।** एक से बढ़कर एक लोक लुभावनी चुनावी घोषणाएं की जा रही हैं, जिसके चलते सरकारी खजाने की तो बैंड बजना ही है, वहीं अवैध कार्यों को वैध किए जाने का संरक्षण अलग मिल रहा है। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने जहां अवैध कॉलोनियों को वैध करने की शुरुआत की, वहीं उन्होंने 31 दिसम्बर 2022 तक की अवैध कॉलोनियों को वैध करने की घोषणा भी कर डाली। एक तरफ तो रियल इस्टेट कारोबार को साफ-सुथरा करने के दावे किए जाते हैं, तो दूसरी तरफ अवैध निर्माण करने वालों को इस तरह फायदा पहुंचाया जाता है। वैध कॉलोनी काटने वालों का कहना है कि उन्हें ढेर सारी अनुमतियों के साथ चक्कर तो काटना ही पड़ते हैं, वहीं लाखों रुपए की फीस भी चुकाना पड़ती है। दूसरी तरफ अवैध कॉलोनी काटने वालों को कोई अनुमति नहीं लेना पड़ती और फिर जनता को आगे कर उनके अवैध कार्य वैध भी हो जाते हैं। अदालती आदेशों से लेकर रेरा जैसी नियामक संस्थाओं की जरूरतों पर भी इस तरह के फैसले सवालिया निशान लगा देते हैं। पूर्व में की गई नोटबंदी और उसके बाद अभी 2000 के नोट बंद करने के पीछे भी ये कारण बताए जाते हैं कि इससे कालेधन पर रोक लगेगी और सबसे ज्यादा कालाधन रियल इस्टेट में ही खपाया जाता है, जिसके चलते केन्द्र सरकार ने रेरा जैसे कानून भी बनाए और रियल इस्टेट को साफ-सुथरा करने के दावे भी किए गए।

## प्लेऑफ की सर्वश्रेष्ठ बॉलिंग

# मुंबई ने 81 रन से जीता एलिमिनेटर, लखनऊ बाहर, आकाश मधवाल ने 5 रन देकर झटके 4 विकेट

**चेन्नई**

5 बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग-2023 के एलिमिनेटर मुकाबले में लखनऊ सुपरजायंट्स को 81 रन से हराया। इस जीत के साथ रोहित शर्मा की टीम क्वालिफायर-2 में पहुंच गई है। क्वालिफायर-2 में मुंबई का मुकाबला 26 मई को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस से होगा।

चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में मुंबई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 182 रन बनाए। जवाब में लखनऊ 16.3 ओवर में 101 रन पर ऑलआउट हो गई। मुंबई से आकाश मधवाल ने महज 4 रन देकर 4 विकेट लिए, स्स्त्र के 3 बैटर्स रनआउट हुए। पहली पारी में कैमरून ग्रीन ने 41 और सूर्यकुमार यादव ने 33 रन बनाए।

### 32 रन बनाने में स्स्त्र ने गंवाए 8 विकेट

पावरप्ले में संभली हुई शुरुआत करने के बाद 9वें ओवर में पीयूष चावला ने क्रुणाल पंड्या को कैच



आउट करा दिया। अगले ही ओवर में आकाश मधवाल ने आयुष बडोनी और निकोलस पूरन को चलता कर दिया। चावला और मधवाल के बाद अगले 2 ओवर में मार्कस स्टोयनिस और कृष्णप्पा गौतम रनआउट हो गए। टीम का स्कोर 69 रन पर 2 विकेट से 92 पर 7 विकेट हो गया। 100 रन के स्कोर पर मधवाल ने रवि बिश्नोई को भी चलता कर दिया। इसी ओवर में दीपक हुड्डा रन आउट हो गए। टीम ने 101 के स्कोर पर आखिरी विकेट भी गंवाया। इस तरह स्स्त्र ने 32 रन बनाने में 8 विकेट गंवा दिए।

183 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी लखनऊ की शुरुआत खराब रही। टीम ने दूसरे ही ओवर में प्रेरक मांकड़ का विकेट गंवा दिया। चौथे ओवर में काइल मेयर्स भी आउट हो गए। लेकिन टीम ने मार्कस स्टोयनिस की पारी की बदौलत 6 ओवर में 54 रन बना दिए।

चेपॉक मैदान पर कैमरून ग्रीन ने 23 बॉल पर 41 रनों की पारी खेली, जबकि सूर्यकुमार यादव ने 33 रन बनाए। आखिरी में नेहल वाधेरा ने 12 बॉल पर 23 रन की विस्फोटक पारी खेली। उन्होंने 2 चौके और 2 छक्के जमाए।

### पूर्व पाकिस्तानी कप्तान सलमान बट्ट ने धोनी की तारीफ की

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सलमान बट्ट ने चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) के इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2023 के फाइनल में पहुंचने के बाद टीम के कप्तान एमएस धोनी की तारीफ की। बट्ट ने धोनी को टैग करते हुए ट्वीट किया, एमएस धोनी कितने जीनियस हैं। बेहतरीन रणनीतिकार। धोनी की कप्तानी वाली CSK IPL 2023 के फाइनल में पहुंच गई है। चेन्नई ने मंगलवार को अपने होमग्राउंड चेपॉक स्टेडियम में खेले गए क्वालिफायर-1 में डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस को 15 रन से हराया। धोनी की टीम ने सबसे ज्यादा 10वीं बार IPL फाइनल में जगह बनाई है। खिताबी मुकाबला 28 मई को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। गुजरात ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। चेन्नई ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 172 रन बनाए। जवाब में गुजरात 20 ओवर में 157 रन पर ऑलआउट हो गई। इस जीत के हीरो ऋतुराज गायकवाड रहे।

# IPL संन्यास पर धोनी बोले- फैसले के लिए 8-9 महीने, अभी से सिरदर्द नहीं लेना चाहता



**चेन्नई**

चेन्नई सुपर किंग्स 10वीं बार IPLफाइनल में पहुंच गई है। मंगलवार को चेपॉक में खेले गए पहले क्वालिफायर मैच में चेन्नई ने गुजरात टाइटंस को 15 रन से हरा दिया। मैच के बाद धोनी ने IPL से रिटायरमेंट पर पूछे गए सवाल पर जवाब दिया। उन्होंने कहा कि इस पर फैसला लेने के लिए 8-9 महीने का वक्त है।

मैच के बाद गुजरात के कप्तान हार्दिक ने भी धोनी की तारीफ की। उन्होंने कहा- हम विकेट गंवाते रहे। धोनी दूसरी ओर गेंदबाजी में बदलाव करते रहे।

कमेंटेटर हर्षा भोगले ने स्त्र् से पूछा था कि क्या चेन्नई के दर्शक आपको फिर यहां देखेंगे, तो धोनी बोले कि आप ये पूछना चाह रहे हैं कि क्या मैं यहां फिर खेलूंगा या नही उसके बाद भोगले ने धोनी से सवाल पूछा क्या चेपॉक में अगले सीजन में खेलने के लिए लौटेंगे धोनी ने मुस्कराते हुए जवाब दिया कि मुझे नहीं पता। मेरे पास फैसला करने के लिए 8-9 महीने हैं। अभी इसे लेकर सिरदर्द नहीं लेना चाहता।

### चेन्नई सुपर किंग्स- फिलहाल पता नहीं किस रोल में जुड़ा रहूंगा

धोनी ने कहा- चाहे मैं बतौर खिलाड़ी रहूं या किसी और रूप में उनके साथ रहूं, फिलहाल मैं ये नहीं जानता। मैं सिर्फ इतना जानता हूं कि मैं CSK के साथ बना रहूंगा। मैं जनवरी से ही घर से बाहर हूं। मार्च में मैंने प्रैक्टिस शुरू कर दी थी। अब IPL का मिनी ऑक्शन दिसंबर में है। अभी इसमें समय है। मैं अभी इसको लेकर नहीं सोच रहा हूं। धोनी ने CSK के दसवीं बार फाइनल में पहुंचने पर कहा, IPL बहुत बड़ा टूर्नामेंट है। पहले 8 टीमें खेलती थीं। अब 10 टीमें खेल रही हैं। ऐसे में एक और फाइनल कहना सही नहीं होगा।

# व्यापार

## बाजार भाव

**किराना :-** शक्कर 3725-3750, खोपरा गोला 120-145, खोपरा बूरा 2000-4000 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 505-510, ऊंझा हल्का 515-525, मीडियम 520-525, बेस्ट 530-540, हल्दी निजामाबाद 120-140, सांगली 170-180, साबूदाना हल्का 6600-6700, मीडियम 6750-6850, बेस्ट 7450-7500, वर लक्ष्मी 7500, सौंफ मोटी 220-223, मीडियम 240-256, बेस्ट 288-290, सौंफ बारि?क 190-225, कालीमिर्च एटम 520-522, गरबल 511-515, मटर दाना 565-575, खसखस अनक्लीन 675-950, क्लीन 1150-1350, दालचीनी 250-275, बेस्ट 300, जायफल 675-700, बेस्ट 725-750, वाद्यान फूल 675-750, शाहजीरा 300-325, तेजपान 85-90, पत्थर फूल 325-375, बेस्ट 450-525, जावत्री 1950-2100, केसर 125-145, बेस्ट 155-165, सौंठ 190-225, धोली मूसली 975-1100, लौंग 680-710, बेस्ट 725-740, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-182, सिंदूर 6600, देशी कपूर 600-800, पूजा बादाम 90-100, बेस्ट 160-165, पूजा सुपारी 460-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 875-900, विरूद्ध नगर 1025-1075, मीडियम 1225-1325, बोल्ड 1425-1550, एक्ट्रा बोल्ड 1600-1825, पानबार 850-950, बड़ी इलायची 600-700, बेस्ट 725-875, तरबूज मगज 460-475, काजू (240) 650-660, काजू (320) 660-700, काजू डब्ल्यू वन 650-660, एस. डब्ल्यू (300) 650-660, एस.एस. डब्ल्यू 650-655, काजू जे.एच. 660-680, टुकड़ी 625-660, बादाम मगज 725-750, एवरेज 675-700, सिंगापुरी 690-700, अखरोट 385-425, बेस्ट 550-600, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 375-475, बेस्ट 500-550, इंडियन 190-200, बेस्ट 240-260, चारौली 1200, बेस्ट 1250, मुनक्का 475-725, बेस्ट 775-850, अंजीर 675-1250, मखाना 425-650, बेस्ट 740-750, खारक 90-110, मीडियम 115-150, बेस्ट 160-175, एक्ट्रा बेस्ट 180-200, पिस्ता मोटा 1675-1725, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1320-1330, मैदा कट्टा 1310-1320, रवा कट्टा 1360-1370, बेसन 3200 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 1300-1400, (160) 1500-1600, (200) 1550-1650, (250) 1700-1750

**तेल :-** सींगदाना 1620-1640, मुम्बई 1625, राजकोट तेलिया 2580, सोया साल्वेंट 855-860, सोया रिफाइंड 905-910, कपास्या 855, धूलिया 860, कड़ी 860,

**तिलहन :-** सरसो 5800-5900, रायडा 4400-4600, सोयाबीन 5100-5150, एवरेज 4700-4900, टोली (महुआ बीज) 4100-4150, अलसी 7500-7600,

**दलहन :-** चना कांटेवाला बेस्ट 5125-5150, एवरेज 4900-5075, विशाल 4950-5050,

## मेटा के CEO जुकरबर्ग को 2150 करोड़ का नुकसान, रेगुलेटर ने कंपनी बेचने के लिए किया मजबूर

# 438 करोड़ में Giphy का अधिग्रहण करेगा शटरस्टॉक

**नई दिल्ली**

स्टॉक फोटोग्राफी कंपनी शटरस्टॉक ने एनिमेटेड फोटो GIFs बनाने वाले प्लेटफार्म जिफी को 53 मिलियन डॉलर (लगभग 438 करोड़ रुपए) में खरीदने का ऐलान किया है। मेटा को इस डील में 260 मिलियन डॉलर यानी करीब 2150 करोड़ रुपए का नुकसान होगा।

गार्डियन के अनुसार, मेटा ने 3 साल पहले जिफी को खरीदने के लिए 315 मिलियन डॉलर (लगभग 2605 करोड़ रुपए) में डील की थी। साल 2022 में यूके की कॉम्पिटिशन एंड मार्केट्स अथॉरिटी (CMA) ने डील को पूरा होने से रोक दिया। CMA का मानना था कि इससे कॉम्पिटिशन कम हो जाता। फेसबुक को फायदा होता और दूसरी टेक कंपनियों का नुकसान। शटरस्टॉक की जिफी को खरीदने




की डील अगले महीने तक पूरी हो सकती है। हालांकि, शटरस्टॉक ने कहा है कि इस फाइनेंशियल ईयर में जिफी का रेवेन्यू कॉन्ट्रीब्यूशन मिनिमम रहेगा। 2024 तक Giphy का रेवेन्यू कॉट्रीब्यूशन बढ़ाने के लिए कंपनी अपने प्लान इंप्लीमेट करेगी। शटरस्टॉक के CEO पॉल हेनेसी ने कहा, यह डील एंड-टू-एंड क्रिएटिव प्लेटफॉर्म के रूप में शटरस्टॉक के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। यह पहला मौका है कि यूके के किसी रेगुलेटर ने अमेरिकी टेक कंपनी को खरीदी हुई कंपनी को बेचने के लिए मजबूर किया है।

### जिफी के पास सबसे बड़ा एनिमेटेड इमेज कलेक्शन

जिफी दुनिया के सबसे बड़े एनिमेटेड इमेज कलेक्शन के रूप में जाना जाता है। इसका इस्तेमाल फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट जैसे अलग-अलग प्लेटफार्म करते हैं। जिफी की वेबसाइट के जरिए यूजर्स जिफ और स्टिकर भी क्रिएट कर सकते हैं। CMA का मानना था कि अगर मेटा जिफी का अधिग्रहण कर लेता है तो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के बीच कॉम्पिटिशन कम हो जाएगा, जिससे एडवरटाइजर्स को नुकसान हो सकता है। इसके साथ ही मेटा अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को जिफी के इमेज एक्सेस करने से रोक सकता है।

### 24 मई को फ्यूल की कीमतें, 80 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा कच्चा तेल

**नई दिल्ली।** आज यानी 24 मई को भी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। फिलहाल दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए लीटर है तो डीजल 89.62 रुपए लीटर के हिसाब से बिक रहा है। वहीं मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर मिल रहा है।

# भारत की GDP पहली बार 350 लाख करोड़ पार

**नई दिल्ली**

बीते कैलेंडर ईयर यानी 2022 में भारत का सकल घरेलू उत्पाद (GDP) पहली बार 3.5 लाख करोड़ डॉलर (350 लाख करोड़) से ऊपर निकल गया। ग्लोबल रेटिंग एजेंसी मूडीज ने मंगलवार को कहा कि भारत अगले कुछ सालों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली जी-20 अर्थव्यवस्था होगी। लेकिन इसके लिए कुछ सुधारों की जरूरत होगी। वर्ल्ड बैंक के मुताबिक 2021 में भारतीय GDP 3.18 लाख करोड़ डॉलर यानी 263.50 लाख करोड़ रुपए की थी। बहरहाल, मूडीज ने एक रिसर्च रिपोर्ट में कहा कि ब्यूरोक्रेसी विभिन्न लाइसेंस लेने और बिजनेस स्थापित करने की प्रक्रिया धीमी कर सकती है। इसे प्रोजेक्ट की अवधि और लागत बढ़ा सकती है। मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने कहा, 'निर्णय लेने में लेट लतीफी की वजह से भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) की रफ्तार कम कर देगी। खास तौर तब, जब एशिया-प्रशांत की अन्य विकासशील अर्थव्यवस्थाओं, मसलन इंडोनेशिया और वियतनाम के साथ भारत तगड़ी प्रतिस्पर्धा में है।' मूडीज के मुताबिक, भारत में बड़ी और पढ़ी लिखी वर्कफोर्स है। ऐसे में छोटे परिवार बढ़ेंगे। साथ ही तेज शहरीकरण से घर, सीमेंट और कार की डिमांड बढ़ेगी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड, तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)